हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025



## खबर संक्षेप

### दुकान का शटर मोड़कर मोबाइल सहित नगदी चोरी



**राजनांदगांव।** चोरों ने गत रात्रि तुमड़ीबोड़ क्षेत्र में दबिश देकर मोबाइल दुकान का शटर मोड़कर भीतर प्रवेश कर नकाबपोश चोरों ने मोबाईल चोरी कर ली। वहीं एक मेडिकल दुकान का शटर तोड़कर नगदी रकम पार कर दिया।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बाजार चौक में संचालित मोबाइल दुकान का शटर मोड़कर चोरों ने भीतर प्रवेश किया और सात नग टच स्क्रीन एवं तीन नग पेड फोन चोरी कर लिया। वहीं उक्त दुकान के बाजू में संचालित एक मेडिकल दुकान का भी शटर तोड़कर चोरों ने गल्ले से नगदी रकम पांच हजार रुपए की चोरी कर ली। बताया गया कि चोर की हरकत दुकान की सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में देखने पर चार चोर नकाब पहने दिख रहे हैं। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी लुकेश वर्मा ने दर्ज कराई है। चोरी की इस घटना से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

## माय एंगल



# धर्मनगरी में अनैतिक कारोबार, फार्म हाउस से योगी बाबा गिरफ्तार

### गोवा की तर्ज पर कथित योगाश्रम की स्थापना की तैयारी, गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धर्मनगरी डोंगरगढ़ में योग आश्रम का निर्माण कर आपत्तिजनक एवं अनैतिक कारोबार करने के एक बड़े मामले का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। पिछले बीस सालों से गोवा में इस कारोबार को चलाने वाले योगी बाबा उर्फ कांति अग्रवाल ने पर्यटकों और युवाओं के लिए एक फार्म हाउस में अनैतिक कारोबार शुरू किया था। पुलिस ने इस फार्म हाउस में छापामार कार्रवाई कर एक किलो 993 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 जून को प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास योगी बाबा कांती अग्रवाल पिता प्रहलाद अग्रवाल 45 वर्ष साकिन प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास डोंगरगढ़ द्वारा अपने फार्म हाउस पर अवैध गांजा रखकर बेचने की सूचना पर पुलिस बल के साथ प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास स्थित योगी बाबा कांतीलाल अग्रवाल के फॉर्म हाउस में रेड कार्रवाई किया गया।फार्म हाउस योगाश्रम से अवैध गांजा के साथ आपत्तिजनक अनैतिक सामान भी बरामद किया गया है। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा स्वयं डोंगरगढ़ का स्थाई निवासी होना, जो विगत 20 वर्षों से गोवा में योगाश्रम चलाना। विदेशी पर्यटकों को योगाध्यान सिखाना बताता है एवं 100 से अधिक देशों की यात्रा, 10 से अधिक एनजीओ संस्था का डायरेक्टर होना बताया है।

#### दीवान के भीतर मिला दो पैकेट गांजा

मौके पर फॉर्म हाउस में उपस्थित संदेही योगी बाबा कांती अग्रवाल को अवैध गांजा रखने, बेचने की सूचना से अवगत कराकर उसकी सहमति से गवाहों के समक्ष विधिवत तलाशी लिया गया। तलाशी के दौरान बरामदा में रखे दीवान के अंदर से दो पैकेट मादक पदार्थ अवैध गांजा बरामद होने पर आरोपी योगी कांती अग्रवाल पिता प्रहलाद अग्रवाल 45 वर्ष से अवैध गांजा कुल वजन 1.993 किलोग्राम कीमती 20000 रुपए को विधिवत जब्त किया गया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



#### एनजीओ विदेश यात्रा की होगी जांच

आरोपी गोवा की तर्ज पर डोंगरगढ़ प्रज्ञागिरी के पास 2 माह से योगाश्रम का निर्माण कर था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के एनजीओ संस्थान व विदेश यात्रा की जांच कर विधिपूर्वक कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उपनिरीक्षक भूषण चंद्राकर, सहायक उपनिरीक्षक मुजिब रहमान कुरैशी, प्रधान आरक्षक राणा प्रसन्ना, आरक्षक चितेश गात्रे, अजय पटले, अशोक यादव, योगेश साहू का विशेष योगदान रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

### खंडहर में तब्दील हो रहे नगर निगम के व्यावसायिक काम्प्लेक्स

# स्थल चयन गलत, भारी भरकम रेट नीलामी में सामने नहीं आए बोलीदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम क्षेत्र में बने कई व्यावसायिक परिसरों के स्थल चयन और प्रीमियम राशि की अधिकता के चलते काम्प्लेक्स की दुकानें नीलाम नहीं हो पा रही है। शहर के कुछ जगहों पर पूरी काम्प्लेक्स ही खंडहर में तब्दील हो गई है। वहीं कुछ काम्प्लेक्स में कॉर्नर और गलत डायरेक्शन में बनी दुकानें नीलाम नहीं हो पा रही है। नगर निगम द्वारा शहर में कई जगहों पर अरबों रुपए खर्च कर काम्प्लेक्स बनाया गया है, लेकिन यहां से निगम को कुछ भी राजस्व प्राप्त नहीं हुआ है।

नगर निगम के इंजीनियर, संबंधित अधिकारियों ने ऐसे लोकेशन पर व्यावसायिक परिसर बनवा दिए, जहां व्यापारियों को व्यापार की संभावना दिखाई नहीं दी। निगम की आय बढ़ाने व्यावसायिक परिसरों के निर्माण के लिए करोड़ों खर्च कर अरबों का राजस्व प्राप्त की उम्मीद लिए बैठे नगर निगम को लाखों भी नहीं मिले। शहर के कई क्षेत्रों में नगर निगम के व्यावसायिक परिसर आबाद होने से पहले ही उजाड़ हो गए हैं। करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए इस व्यावसायिक परिसर को तोड़ने की स्थिति दिखाई देती है। अब इसे तोड़ा भी जाता है तो लाखों रुपए खर्च करने पड़ेंगे।

⏵⏵ शेष पेज 14 पर



#### नीलामी में नहीं हुए शामिल

नगर निगम द्वारा व्यावसायिक परिसर की दुकान नहीं बिकने पर नीलामी की प्रक्रिया समय-समय पर की जाती है, लेकिन इस प्रक्रिया में भी लोग हिस्सा नहीं ले रहे हैं। हाल ही में जून माह में ही अलग-अलग तारीख पर भैंसा कोठा व्यावसायिक परिसर, रेलवे स्टेशन रोड व्यावसायिक परिसर, टांका घर, नया बस स्टैंड, सुभाष द्वारा और जूनीहटरी क्षेत्र में बने व्यावसायिक परिसर की 48 दुकानों की नीलामी सूचना निकाली गई थी। इस नीलामी में हिस्सा लेने के लिए आवेदन फार्म शुल्क 500 रुपए रखा गया था, लेकिन किसी ने भी नीलामी में रूचि नहीं दिखाई और फॉर्म तक लेने लोग नहीं पहुंचे।

#### खंडहर हो रहे परिसर

गलत स्थल चयन की दृष्टि से शहर के भीतर कई व्यावसायिक परिसर की दुकान नहीं बिक पाई है। कुछ लोकेशन तो ऐसे हैं कि लोगों ने इसे अपने दफ्तरों और गोदामों के उपयोग के लिए भी उपयुक्त नहीं समझा। शहर के गंज चौक के समीप महिला समृद्धि बाजार खंडहर में तब्दील हो चुका है। यहां 46 दुकान बनाए गए थे। जिसमें से 37 दुकान ही नीलम हुई थी। इस परिसर में बारिश का पानी भरने के चलते लोगों ने यहां अपना व्यवसाय शुरू नहीं किया। इसी तरह रेलवे स्टेशन के समीप बनी काम्प्लेक्स में 19 दुकान और एक बड़ा हाल वर्षों से खाली पड़ा हुआ है।

#### काम्प्लेक्स बने मूत्रालय

शहर के बीच पुराने गांधी सभागृह के नीचे भी करोड़ों रुपए खर्च कर व्यावसायिक परिसर बनाया गया। अब यह काम्प्लेक्स मूत्रालय में तब्दील हो गया है। इसी तरह पुत्रीशाला परिसर के भीतर बनी दुकान भी मूत्रालय बन गई है।

#### सुविधाहीन व्यवस्था

शहर के अधिकांश व्यावसायिक परिसर में मूत्रालय और शौचालय नहीं है। सार्वजनिक प्रसाधन भी नहीं बनाए गए हैं, पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। इस वजह से भी ऐसे व्यावसायिक परिसरों में दुकानदारी करने लोगों ने रूचि नहीं दिखाई है।

#### लोकेशन सही नहीं और राशि भी अधिक

नगर निगम द्वारा निर्मित व्यावसायिक परिसरों के दुकानों की प्रीमियम राशि अलग-अलग क्षेत्र में 27 लाख, 22 लाख, 19 लाख, 13 लाख रुपए है। वहीं 10 प्रतिशत अमानत राशि है। इसके अलावा दुकान का मासिक किराया भी 3-4 हजार से 10-12 हजार तक है। एक तो व्यवसाय के दृष्टिकोण से लोकेशन सही नहीं होना और दूसरा दुकानों के लिए भुगतान अधिक होने की वजह से दुकानें नीलाम नहीं हो पा रही है।

# शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शहर में शराब एवं अन्य नशीले पदार्थ उपलब्ध होने के चलते नशा करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। खासकर युवा इसकी चपेट में आ रहे हैं। बीती रात शराब के लिए पैसा मांगने पर विवाद इतना बढ़ा कि डंडा मारकर युवक की हत्या कर दी गई। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

शहर के विभिन्न मोहल्ले में शराब कोचिये सक्रिय होकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे हैं। जिसके चलते कोचियों के बीच भी मारपीट की स्थिति निर्मित होने लगी है। इधर आसानी से नशे की सामग्री मिल जाने से कई लोग नशा करने के आदी होने लगे हैं। इधर शहर में शाम होते ही सार्वजनिक स्थल स्कूल मैदान से लेकर विभिन्न स्थानों में शराब के शौकिनों का जमावाड़ा बनने लगा है। बेखौफ सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने का दौर जारी है।

#### हत्या का आरोपी हिरासत में

पुलिस के अनुसार बीती रात शहर के संतोषी नगर लखोली अटल आवास के पास अजय कुम्हार उम्र लगभग 22 वर्ष संतोषी नगर अटल आवास लखोली निवासी शराब पीने के लिए सुरेन्द्र से पैसा की मांग करने लगा। बताया गया कि उसी समय सुरेन्द्र आटो चलाकर आया हुआ था। जिसने पैसा देने से इंकार कर दिया। जिससे अजय कुम्हार गाली-गलौज करते मारपीट करने पर उतारू हो गया था। बात इतनी बढ़ी कि आरोपी सुरेन्द्र डंडा से अजय कुम्हार पर हमला कर दिया। जिससे अजय को गंभीर चोंटे आई थी, उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया गया था, जिसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी सुरेन्द्र साहू उम्र लगभग 38 वर्ष को हिरासत में ले लिया है। इधर इस घटना की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

#### अवैध रूप से शराब बिक्री, आए दिन मारपीट

बताया गया कि गत दिवस सोमवार की शाम शराब की अवैध रूप से बिक्री की बात को लेकर शहर के गंज चौक स्थित जर्जर हो चुके उद्योग विभाग के भवन में युवकों के बीच जमकर मारपीट की घटना हुई थी। बताया जाता है कि शराब की अवैध रूप से बिक्री के चलते प्रतिस्पर्धा दूसरे गुट के युवकों ने मारपीट के दौरान चाकू-छुरी भी लहराया था। जिससे आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई थी। वहीं भय का माहौल निर्मित हो गया था। हालांकि इस मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# आपातकाल की 50वीं बरसी पर निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सभागृह में छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आपातकाल की 50वीं बरसी के अवसर पर संविधान हत्या दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत सहित प्रशासनिक अधिकारी और आपातकाल के दौरान मीसा बंदियों के परिजन शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को 50 साल पूर्व देश में लगाए गए आपातकाल के हालातों पर जानकारी दी गई। वहीं फोटो प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।



#### मीसा बंदी परिवार का सम्मान

कार्यक्रम के अवसर पर आपातकाल के दौरान मीसा बंदी परिवार से कुलवंत सिंह कक्कड़ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उस दौर के हालातों और परिवार के माहौल को बताया। कार्यक्रम के अवसर पर उनका शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। नगर निगम सभागार में आयोजित हुए संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रम अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित किया। इस दौरान स्काउट-गाईड, स्कूली विद्यार्थी और स्वच्छता दीदियों ने लोकतंत्र जिंदाबाद के नारे लगाते रैली निकाली।

#### जागरूकता जरूरी

संविधान हत्या दिवस के आयोजन को लेकर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि देश में जब-जब संविधान में संशोधन हुआ है, देश और देश के लोगों के हित में हुआ है, लेकिन 25 जून 1975 को कुर्सी बचाने संविधान में संशोधन किया गया और देश में आपातकाल लगा दिया गया। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 352 में जो बातें लिखी है, वह देश के हित में लिखी है, उसका दुरुपयोग करते इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगा दिया था। भविष्य में ऐसी हिम्मत कोई ना करे, इसके लिए नई पीढ़ी को इस बात का संदेश देना आवश्यक है। महापौर ने कहा कि लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए नई पीढ़ी को जानकारी होना जरूरी है।

# अवैध शराब पर शिकंजा, छह माह में 223 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री सहित नशीले पदार्थों की बिक्री पर पुलिस ने प्रभावी रूप से कार्रवाई की है। जिसके तहत विगत छह माह के भीतर आबकारी एक्ट के मामले 185 प्रकरण में 223 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अवैध गांजा बिक्री मामले में कुल 6 प्रकरणों में 9 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्रवाई से अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के

⏵⏵ शेष पेज 14 पर

#### कार्रवाई जारी रहेगी

नशीले पदार्थ गांजा एवं अवैध रूप से शराब बिक्री व तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी प्रभावी रूप से जारी रहेगी। **-मोहित गर्ग,** पुलिस अधीक्षक



#### गांजा के 6 मामलों में 9 आरोपी पकड़ाए

इधर विगत छह माह में अवैध गांजा बिक्री मामले में कुल 6 प्रकरणों में 9 आरोपियों के कब्जे से 251.060 किलोग्राम गांजा कीमती 3750000 रुपए जब्त कर परिवहन में प्रयुक्त 1 नग चारपहिया वाहन कीमती 500000 रुपए जब्त किया गया है। इसके साथ अवैध नशीली टेबलेट मामले में 1 प्रकरण में 2 आरोपियों के कब्जे से 200 नग नशीली टेबलेट कीमती 900 रुपए जब्त कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

#### शराब तस्करों पर कार्रवाई

जिसके तहत विगत 6 माह में मादक पदार्थ गांजा, नशीले टेबलेट एवं अवैध शराब तस्करों पर जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई करते अवैध शराब ब्रिकी मामले में विगत छह माह में 34(1), 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कुल 185 प्रकरणों में 223 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों के कब्जे से 1639.67 बल्क लीटर कीमती 746500 रुपए, अवैध देशी शराब 7406.96 बल्क लीटर कीमती 4112150 रुपए, अंग्रेजी शराब कुल जुमला कीमती 7477800 रुपए जब्त किया गया है। शराब तस्करी परिवहन में प्रयुक्त वाहन 6 नग चारपहिया वाहन एवं 17 नग मोटर साइकिल जुमला कीमती 3760000 रुपए को जब्त कर बड़ी कार्रवाई की गई है।

### माता का होगा विशेष श्रृंगार, देवी मंदिरों में व्यापक तैयारियां

# गुप्त नवरात्र आज से, होगी देवी मां की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व गुप्त नवरात्रि आषाढ़ माह के 26 जून से प्रारंभ हो रहा है, जो 4 जुलाई तक चलेगा। मंदिरों में पर्व को मनाने की व्यापक तैयारियां की गई है। इस दौरान आस्था के ज्योत प्रज्वलित कर जनकल्याण की कामना की जाएगी।

आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 26 जून से गुप्त नवरात्र शुरू होगी। गुप्त नवरात्र में 10 महाविद्याओं मां काली, तारादेवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धुम्रावती, मां बंगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा की जाती है।

#### चार जुलाई को नवमीं

26 जून गुरुवार नवरात्र प्रतिपदा, मां शैल पुत्री पूजा, घटस्थापना, 27 जून शुक्रवार नवरात्र द्वितीया, मां ब्रह्मचारिणी पूजा, 28 जून शनिवार नवरात्र तृतीया, मां चंद्रघंटा पूजा, 29 जून रविवार नवरात्र चतुर्थी, मां कुष्मांडा पूजा, 30 जून सोमवार नवरात्र पंचमी, मां स्कंदमाता पूजा, 1 जुलाई मंगलवार नवरात्र षष्ठी, मां कात्यायनी पूजा, 2 जुलाई बुधवार नवरात्र सप्तमी, मां कालरात्रि पूजा, 3 जुलाई गुरुवार नवरात्र अष्टमी, मां महागौरी, 4 जुलाई शुक्रवार नवरात्र नवमी, मां सिद्धिदात्री, नवरात्र पारणा मंदिरों पर होंगे।



#### 10 को जुडवास, भंडारा

उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को गुरूपूर्णिमा जुडवास भी है। इस दिन माता की शांति के लिए चना दाल, कच्ची हल्दी, तिल्ली तेल से माता का अभिषेक किया जाएगा। जुडवास में माता की सेवा सेवा मंडलियों द्वारा की जाएगी। इसी दिन भंडारा का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें भक्तों को खीर-पुडी का प्रसादी वितरण होगा। जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

#### नौ दिन होंगे माता के पाठ

शहर के मां शीतला मंदिर में गुप्त नवरात्र पर्व की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 26 जून से शुरू हो रहे गुप्त नवरात्र पर मंदिर के गर्भगृह में नगर कल्याण के लिए ज्योत प्रज्जवलित की जाएगी। 4 जुलाई तक चलने वाले इस पर्व पर देवी मां की आराधना कर मंगल कामना की जाएगी। पं. राज दुबे ने बताया कि गुप्त नवरात्र पर देवी मां की विधि-विधान से गुप्त रूप से पूजा-अर्चना की जाएगी। पूरे नौ दिन माता का पाठ किया जाएगा। माता का अभिषेक कर पूजा-अर्चना की जाएगी। अंतिम दिन हवन किया जाएगा। इस दौरान माता की आरती के पश्चात सेवा मंडलियों द्वारा सेवागीत प्रस्तुत की जाएगी।



## सूचना पटल गिरने से हुई थी बच्चे की मौत

# जांच समिति पहुंची मौके पर परिजनों का दर्ज किया बयान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ब्लाक के अधीन आने वाली पंचायत सड़क चिरचारी में सूचना पटल गिरने से बालक की मौत के मामले की जांच शुरू हो गई है । कलेक्टर के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय जांच टीम ने घटना स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। मृतक के परिजनों सहित अन्य लोगों का बयान लिया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में रविवार को सेवा सहकारी समिति के अहाता से लगे सूचना पटल के गिर जाने से मासूम युवांश निषाद की दबने से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद घटिया निर्माण की पोल खुलकर सामने आ गई थी। परिजनों का आरोप है कि पूर्व सरपंच ने निर्माण में भर्राशाही की जिसके परिणाम स्वरूप बालक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। घटना की खबर मिलते ही पूर्व विधायक छन्नी साहू मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही एवं पीड़ति परिवार को मुआवजे की मांग को लेकर नेशनल हाइवे पर धरने पर बैठ गई । उच्चाधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ था।

## जिपं सीईओ ने थमाया नोटिस

### सरपंच ने झाड़ा पल्ला

वर्तमान सरपंच गुलचरण कतलाम को सूचना पटल गिरने एवं बालक की मौत पर जिला पंचायत सीईओ ने नोटिस थमाया था। सरपंच श्री कतलाम ने जांच समिति टीम को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उक्त कार्य पूर्व में स्वीकृत था। कार्य को पूर्व सरपंच सारिका जैन ने कराया था।

### पूर्व सरपंच सहित अन्य को नोटिस

पंचायत के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने एवं सूचना पटल पर दबने से बालक की मौत के बाद पूर्व सरपंच सारिका जैन, सचिव मनसुख लाल साहू एवं निर्माण कार्य की देखरेख कर रहे इंजीनियर सुलेन्द्र साहू को जिला पंचायत सीईओ ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### दोषियों पर हो कार्रवाई

जांच टीम के समक्ष मृतक के मामा एवं परिजनों ने कहा कि सूचना पटल का घटिया निर्माण होने यह घटना हुई और बच्चे की मौत हो गई। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पूर्व सरपंच पर कार्यवाही होना चाहिए। जानकारी के अनुसार जांच कमेटी द्वारा शीघ्र ही प्रतिवेदन तैयार कर अग्रीम कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को भेजा जाएगा।

### जांच कमेटी का गठन

उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तीन सदस्यीय टीम का गठन करते हुए जांच का जिम्मा सौंपा । मंगलवार को अपर कलेक्टर सरस्वती बंजारे, लोक निर्माण के ईई एसके चौरसिया, उपसंचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक के साथ एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, जनपद सीईओ होरीलाल साहू सड़क चिरचारी पहुंचे। उन्होंने पंचायत भवन में मृतक के परिजनों का बयान लिया। तत्पश्चात जांच टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

# उत्सव मनाकर बच्चों का स्वागत पुस्तकें और गणवेश का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय शिरोमणी इंग्लिश मीडियम स्कूल नाकापारा में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। नवप्रवेशित बच्चो को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया। मुख्य अतिथि पार्षद अनीस निर्मलकर थे। अध्यक्षता संचालक मंडल के लेखराम सोनी ने की। श्री निर्मलकर ने बच्चो को मिष्ठान वितरित कर अभिनन्दन किया। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में पौधारोपण किया गया। संस्था प्रमुख तहजीब अंसारी, प्रधानपाठक अर्चना टेम्बुरकर ने पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। इस मौके पर अध्यक्ष शेख असलम, अंजू साहू, गोपाल सोलवंशी, सलमा बेगम, मंजरी छाबड़ा, शुभांशी प्रधान, ज्योति, अन्नपूर्णा सोनी, श्रद्धा मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

**मुढ़ीपार**। प्राथमिक विद्यालय सनडोंगरी में कक्षा पहली ,बालवाड़ी के बच्चों को गुलाल लगाकर स्वागत करते हुए प्रवेश उत्सव मनाया गया। संस्था प्रमुख लादूराम साहू स्वागत भाषण में विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम साहू सभापति संचार एवं संकर्म समिति जनपद पंचायत खैरागढ़ थे। अध्यक्षता सावित्री यादव ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच कुमेश साहू, खेम सिन्हा, बिसौहा यादव, शशि यादव, पूर्णिमा कंवर, मुलिया यादव थे। प्रधानपाठक श्री साहू ने बच्चों को बेल्ट प्रदान किया। इस मौके पर शाला की हेमा कंवर, तन्वी यादव, मेघा यादव, गरिमा यादव, नरोत्तम यादव, हेमा कंवर को सम्मानित किया गया। शाला से स्थांतरित शिक्षक लेखचंद कंवर को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई।इस दौरान मुख्य अतिथि श्री साहू ने भवन में टाईल्स लगाने एक लाख स्वीकृति दी।ज्योति महिला समूह, जय माँ कल्याणी, जय माँ दुर्गा , जय माँ संषी,चंचल, शीतला, राधा-कृष्ण महिला समूह ने न्योता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर युगल किशोर साहू, कमला यादव, रविता कंवर, गोमती यादव, लक्ष्मी कंवर, निर्मला यादव, रूखमणी वर्मा, कीर्ति वर्मा, सुलोचना यादव ,जागेश्वरी यादव आदि मौजूद थे।

**सड़क अतरिया**। प्राथमिक शाला बेलगांव में बीते दिवस प्रवेश उत्सव का आयोजन रखा गया। मां



सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर तथा मुंह मीठा कराते हुए स्वागत किया गया। पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रकाश जंघेल, लालचंद पटेल, शारदा गोरेलाल जंघेल, किशुन मिर्चे, टोकेन्द्र वर्मा, राकेश जंघेल के अलावा पंच, पालक, शिक्षक आदि शामिल हुए।

**बांधाबाजार**। ग्राम की शाला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत



उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी थे। श्री शाह ने नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर पुस्तकें और गणवेश वितरित किया। उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल आने प्रोत्साहित किया। आयोजन में नेहरू रजक, आशीष द्विवेदी, संदीप मेश्राम, कमलेश सारस्वत, शंकर तिवारी, विमल यादव, विनीत शर्मा, गौरव शर्मा, मोहन साहू, प्राचार्य सुनीता चौधरी आदि शामिल हुए।

**मुसरा**। ग्राम में संचालित हाईस्कूल में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत



उपाध्यक्ष किरण साहू थी। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि सीमा साहू, गायत्री शिव टेम्बुलकर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की पूजा से हुआ। अतिथियों ने नवीन बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती साहू सहित अन्य ने संबोधित किया। इस मौके पर लक्ष्मीनारायण वर्मा, बजरंग साहू, कंवल निर्मलकर, ओम साहू, हेमसिंग ठाकुर मोतीराम वर्मा, लोकेंद्र वैष्णव, खलील खान, प्राचार्य कौशल चंद्रवशी सहित अन्य उपस्थिति थे।

**अर्जुनी**। धनीराम साहू किसान उच्चतर माध्यमिक शाला



में प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच ललिता साहू थी। अध्यक्षता शाला समिति के अध्यक्ष विजय जैन ने की। विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि टामेश्वर साहू, पूर्व जिपं सभापति इंदुमति साहू, नागेश धनकर, शिव कुमार साहू, यज्ञदत्त सोनकर, संजय सोनी, दुर्गश सिन्हा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू, राजकुमारी देवांगन, प्रमिला साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती साहू, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री जैन तथा विशिष्ट अतिथियों ने संबोधित करते हुए इस वर्ष परीक्षा सहित अन्य सभी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने प्रेरित किया। अतिथियों ने पुस्तष्ठ प्रदान कर बच्चों का मुंह मीठा कराया। शाला परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य विद्या पांडे, शालिनी वैष्णव, बबिता खंडेलवाल, उर्मिला ठाकुर, दीपिका दुबे, आभासिंह, मनीष गजभिये, तुकाराम सोनकर तथा छात्र छात्राएं मौजूद थे। संचालन आरके नेताम तथा अंत में आभार प्रदर्शन आरके चौधरी ने किया।

**मुरमुंदा**। प्राथमिक शाला भरूहाटोला में गत दिनों नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर



प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया।पद्म भवानी महिला स्व सहायता समूह ने न्योता भोज के तहत बच्चों को खीर पुड़ी खिलाया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी एवं बच्चो ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधररोपण कर देखभाल की शपथ लिया।

**पटेवा**। प्राथमिक शाला कुंवारों में गत दिनों प्रवेश उत्सव



मनाया गया। इस अवसर पर तन बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराने के बाद गणवेश,पेंसिल-कापी वितरण किया गया। प्रवेश उत्सव में सरपंच लुमेश गंधर्व, इंद्राणी वर्मा, पूरन वर्मा, दिलीप वर्मा, मेघराज वर्मा, माखन वर्मा, महेन्द्र वर्मा, बलराम वर्मा, देवकी वर्मा, रामकलीबाई, उषाबाई वर्मा, रुपमति वर्मा, सावित्री यादव, अशोक वर्मा, संजू वर्मा, पर्वत वर्मा, संकुल प्राचार्य दीपक ठाकुर, संकुल समन्वयक सुनील वर्मा, सेवकराम साहू,चिरंजीवी वर्मा आदि शामिल हुए। अंत में माखन वर्मा ने न्योता भोज के तहत खीर पूड़ी खिलाया।

**तुमड़ीबोड़**। हायर सेकेंडरी, मिडिल एवं प्राइमरी स्कूल धौंराभांठा तत्वावधान में प्रवेश उत्सव उल्लास के साथ



मनाया गया। कार्यक्रम में एसएमडीसी एवं एसएमसी के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर जिला दिव्यांग संघ के अध्यक्ष हेमनदास साहू ने बच्चों को कठिन परिश्रम करते हुए आगे बढ़ने प्रेरित किया। कार्यक्रम को सोमेश्वर साहू, मन्नादास साहू, केदारू बंजारे, फुलेश्वरी साहू, रमशिला खुटेल, सविता साहू, संकुल समन्वयक एलआर साहू ने संबोधित किया।संकुल प्राचार्य पीआर पटेल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सदस्यों एवं शिक्षकों से बच्चों के हित में कार्य करने की अपील की। बच्चों का पुस्तक वितरण एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनिल साहू, खूबलाल सिन्हा, किशनचंद हिरवानी, गुनीता ठाकुर, रामेश्वरी ठाकुर, श्री डहरे, धर्मेंद्र साहू, जोगेन कमरिया आदि उपस्थित थे।

### बच्चों को लगाया चंदन का तिलक



**बांधाबाजार**। प्राथमिक, माध्यमिक शाला दैहान में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच विमला देहारी थी। उन्होंने एवं शाला समिति अध्यक्ष सरस्वती बाई सिन्हा ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों को चंदन तिलक लगाकर स्वागत किया गया। खीर, पुड़ी, मिठाई खिलाकर पुस्तकें एवं गणवेश वितरित किया गया। इस मौके पर शैलैन्द्री सिन्हा, विजय भारतद्वाज, सरस्वती, कैनाबाई सिन्हा, देवलाबाई, गिरधारी सिन्हा, ममता सिन्हा, मिथिलाबाई सिन्हा, भानबाई सिन्हा, भगवंतीनबाई, उदेराम, रेवाराम साहू, सोनसाय देहारी, पवन निषाद, संदीप त्रिपाठी, कविता निषाद, ईश्वरी सिन्हा, तीजनबाई, चंद्रिकाबाई, बिसोबाई, गीता निषाद, दुर्गाबाई, सीमा निषाद, मानबाई निषाद, सोनसिर साहू, आंनद चन्द्रवंशी, राजीव टेमरे, शैलैन्द्र शर्मा, सुधा गजभिए, कीरत गणवीर, साधना रामटेके, डिलेश्वरी, गिरजानंद सिन्हा आदि मौजूद थे।

# आदिवासी समाज के उत्थान के लिए सभी मिलकर करें काम : खुसरो

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने वीरांगना रानी दुर्गावती का शहादत दिवस श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर रेस्ट हाउस गंडई में सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने सामाजिकजनों को संबोधित किया। उन्होंने सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

अध्यक्ष श्री खुशरो ने रानी दुर्गावती के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती एक ऐसी महान शख्सियत थीं, जिन्होंने मुगलों से लोहा लिया और अपने साम्राज्य को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा डटी रहीं। उन्होंने प्रजा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। खुशरो ने 24 जून 1564 की उस घटना का जिक्र किया जब गढ़ा मंडला की रानी दुर्गावती और उनकी सेना मुगलों से लोहा लेते हुए हारने लगी थी। उस समय उनके सारथी ने उन्हें पलायन करने की सलाह दी, जिस पर रानी ने इसे कायरतापूर्ण बताते हुए अस्वीकार कर दिया और अपनी ही कटार से अपने प्राणों का बलिदान कर दिया।

### सामाजिक एकता और रैली

बैठक के बाद गंडई परिक्षेत्र के सभी मुड़ादार, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पहुंचे सामाजिकजनों ने रेस्ट हाउस से एक भव्य रैली निकाली। यह रैली बस स्टैंड से होते हुए गंगई मंदिर, तिरंगा चौक होते हुए वापस रेस्ट हाउस पहुंची। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष द्वारिका सिंह ठाकुर ने बताया कि सभी मिलकर शहादत दिवस मनाते हैं, जिससे समाज में एकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि संगठित होकर वह समाज उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश नहीं, बढ़ रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़- खैरागढ़ मार्ग पर लगातार दुर्घटना हो रही है। स्कूल खुलने के बाद इस मार्ग से गुजरने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जनपद पंचायत, थाना चौक, बस स्टैंड, हाईस्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग, इंडियन गैस एजेंसी, सेंट पीटर स्कूल के पास से भारी वाहन तेज रफतार से गुजरते है जिससे दुर्घटना होने का अंदेशा रहता है

जानकारी के अनुसार स्कूल खुलने के बाद ट्रेफिक के दबाव और कांग्रेस के प्रदर्शन बाद कुछ मार्ग के पाईंटो में पुलिस एवं ट्रेफिक बल तैनात किया गया है। कुछ जगह स्टापर लगाया गया है। प्रशासन की तमाम कवायद के बाद भी वाहन तेज गति से चल रहे हैं जिसे लेकर नराजगी बढ़ रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते में डोंगरगढ़-खैरागढ़ मार्ग पर सेंट पीटर स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग में बस एवं ट्रक की अनियंत्रित गति से दुर्घटना टली थी। ड्राइवर की सूझबूझ के कारण हादसा टल गया लेकिन बस सडक किनारे स्थित दुकान में घुस गई थी। इसी प्रकार मंगवार को कवर्धा जा रही लग्जरी बस लहराते हुए दुकान में घुस गई। समय रहते चालक नियंत्रण नहीं कर पाता तो बड़ा हादसा हो जाता। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो मुख्य मार्ग पर इन दिनों डिवाइडर बनाया जा रहा है। आधे मार्ग पर डिवाइडर बनाने के साथ उसे सुखने के लिए बेरीकेटस लगा दिया गया था।

### जोर पकड़ रही बाइपास की मांग

नगर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गाड़ियां गुजरती है। शहर के अंदर एक किलोमीटर के दायरे में अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, थाना स्थित है जिसके कारण दिनभर आवाजाही रहती है। वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण यह मार्ग अब सुरक्षित नहीं बचा है। आए दिन इस मार्ग पर हादसे होते रहते हैं जिसे देखते हुए बाइपास निर्माण की मांग दो वर्षों से उठ रही है।



### हिरवानी बने शिशु मंदिर समिति के अध्यक्ष

**पटेवा**। सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा के नए पदाधिकारियों का चुनाव जिला ग्राम भारती के सदस्य मनोज गिड़िया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ऊं एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। दीदियों ने सांघिक गीत प्रस्तुत किया। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक जेआर साहू, एलएल साहू, युगराज जैन, अध्यक्ष टीआर हिरवानी, उपाध्यक्ष मुकुंदसिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष बहुरसिंह साहू, व्यवस्थापक मुरलीप्रसाद साहू, सह व्यवस्थापक रामदिल वर्मा कार्य कारिणी सदस्य हरीशंकर साहू, विरेन्द्र हिरवानी, मानिक गुप्ता, चंद्रकांत देवांगन, अलखराम साहू, हीरालाल साहू, खोमेन्द्रसिंह, अभिषेक सिंह, शिवरतन धनकर, नरसिंग साहू, राजेश साहू, राकेश साहू हैं।

# भाजपा ने याद किया लोकतंत्र का काला दिन

- कांग्रेस पर लगाया आपातकाल थोपने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



मंडल भाजपा नर्मदा ने आपातकाल की 50 वी बरसी पर कार्यक्रम आयोजित कर 25 जून की तिथि को काला दिन के रूप में याद किया। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 को आपातकाल के काला दिवस के रूप में जाना जाता है। तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने सत्ता बचाने के लिए लोगों को मौलिक अधिकार आदि से वंचित कर दिया था। आपातकाल का विरोध करने पर लोगों को जेल का रास्ता दिखाया गया। कार्यक्रम में अन्य ने भी अपने विचार रखा। कार्यक्रम में भीखू हिरवानी, संतन साहू, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, डोमारसिंह, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, केसलाल मंडावी, अनुज साहू, खेलन वर्मा, देवलाल साहू, युवराज पटेल, राधे जंघेल, बालकिशन वर्मा, रोशन जंघेल, महेश जैन, रमेश जंघेल, पवन पटेल, विशम्भर, सुरेश पटेल, जानी मसखरे, दिनेश साहू, दाऊराम साहू, माखन जंघेल, जगेंद्र जंघेल, ओम प्रकाश, अर्जुन, रवि सहित संड़ी, खैरा नवापारा, बेलगांव, मानपुर, जीराटोला, चकनार, सड़क अतरिया, कुकुरमुड़ा, गुमानपुर, खैरबना, ठंड़ार, भदेरा, श्रृंगारपुर आदि गांव के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्रद्धा के साथ मनाया गया बलिदान दिवस

# दुर्गावती के साहस को याद कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

घोटिया के बूढ़ादेव मंदिर परिसर पर आदिवासी समाज ने रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया। इस मौके पर लोगों ने उनकी पूजा अर्चना कर उन्हें याद किया। उनके अदम्य साहस आदि पर सरपंच संजय उईके, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन ईश्वर उइके ने किया। इस दौरान ईश्वर उइके, रामप्रसाद, लखनू उइके, सुखराम मंडावी, मोहित, दिनेश मंडावी, डोंगेन्द उइके, इंद्रेश, सुकाल, खेमचंद निषाद, रामचंद्र, परस यादव, मुरली, प्रेमलाल, प्रमोद, अशोक, भुनेश्वर, गणपत आदि उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम कौहापानी में रानी दुर्गावती का शहादत दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि जिपं सभापति अनिता मंडावी ने रानी दुर्गावती की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने आदिवासियों के लिए कई योजना शुरू किया जिससे आदिवासी समाज को नई गति और दिशा मिली है।





### नारी सशक्तिकरण की मिसाल थी दुर्गावती

**एलबी नगर**। ग्राम कोटनापानी में रानी दुर्गावती का बलिदास दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दुर्गावती के अदम्य साहस और बलिदान को ग्रामवासियों ने याद किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आरंभ किया। उन्होंने रानी दुर्गावती के शौर्य, पराक्रम और वीरता को याद किया। श्री गांधी ने रानी दुर्गावती के बलिदान को याद करते हुए कहा कि आज का दिन नारी सशक्तिकरण एवं सम्मान का दिन है। रानी दुर्गावती अदम्य साहस और वीरता का प्रतीक थी। आयोजन में जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, प्रशांत कोड़पे, गिरवर साहू, अनिता मंडावी, लता अजय सिन्हा, थानवार मंडावी, मदन नेताम, जसवंत, बिंदुलाल चंद्रवंशी, रमेश, प्यारेलाल, संतोष, नीरा, गनीराम, फिरतू, मदन, मनोज, राजकुमार, चैतराम, अजय आदि शामिल हुए।

### रातापायली की अदिति का प्रयास में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



मिडिल स्कूल रातापायली की अदिति पिता चुलन सिंग का प्रयास आवासीय विद्यालय बालोद में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। विगत वर्ष भी यहां की दो छात्राओं का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए हुआ था।

अदिति ने कक्षा आठवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उसे बीईओ आरएल पात्रे, संकुल प्राचार्य एनएल कमरिया, संगीता साहू, ममता विश्वकर्मा, मनोहर साहू, महेंद्र बघेल, एमडी बंजारे, श्रीराम मारकंडे, कुंती साहू, मेहन्दूराम पटेल, सुजाता भेलोटकर, सुंदर साहू, केडी मानिकपुरी, संतोष देवांगन, राजेश हिचामे , मंदा सोनटेके ने बधाई दी है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. मुखर्जी को किया याद



**छुईखदान।** शिक्षाविद और विचारक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन के अमूल्य आदर्शों की याद किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि उनका बलिदान, धैर्य और भारत की अखंडता के लिए उनका संघर्ष हमेशा प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर, जिला महामंत्री पूरन जंघेल, अगराहित मंडावी, प्रदेश युवा मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य विक्रांत चंद्राकर, नगर पंचायत के पार्षद पन्ना मंडावी, किशन सिलोटिया, अर्जुन महोबिया उपस्थित थे।

### तुमड़ीबोड़ में मनाया शाला प्रवेश उत्सव



**तुमड़ीबोड़।** प्राथमिक शाला तुमड़ीबोड़ में प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच भुनेश्वरी साहू थी। अध्यक्षता भूपेंद्र सोनवानी ने की। विशेष अतिथि खेलूराम साहू थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलित कर किया गया। नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराने के बाद गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर रमेश गंधर्व, उदयराम पटेल, रामलाल श्रीवास, पितांबर साहू, अंजू साहू,शारदा सिन्हा एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। संचालन प्रधान पाठक रमेश साहू ने किया।

### कांग्रेस की करतूत को लोगों तक पहुंचाने बनाया रोडमैप



**गंडई पंडरिया।** आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर भाजपा मंडल गंडई ने रेस्ट हाउस में बैठक का आयोजन किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल की काली करतूत को जन-जन तक पहुंचाना था।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के संकल्प से सिद्धि की जिलाध्यक्ष ज्योति जंघेल, जिला उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष जीवनदास रात्रे और मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जाकर कांग्रेस के इस कृत्य की जानकारी जनता तक पहुंचाना है। उपस्थित भाजपाइयों ने इस कार्य को गंभीरता और समर्पण भाव से करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में राजेश मेहता, टेकन देवांगन, टुमन साहू, मंगल जैन, दिनेश भट्ट, राजू जंघेल, उमा चौबे, दूजे वर्मा, लीलाराम साहू, रवि भावनानी, यतीश कुंजाम, सुमन पाटले, अशोक पटेल, राकेश निषाद, सावंत कुमार, प्रकाश पटेल, भीखू हिरवानी, योगेंद्र कौशिक, लेखराम, सुखदेव पटेल, सेवक जंघेल, राजेलाल पटेल, सरज पटेल, सेवक साहू,,डोमार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई



**सड़क अतरिया।** ग्राम घिरघोली में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि मनाया। उनके चित्र पर माल्यार्पणकर श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि श्री मुखर्जी अपने आदर्श से आज भी जीवित हैं। सभी को उनके आदर्श, सिद्धांत, लगनशीलता को अपनाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष रोहित जंघेल, लोमन ठाकुर, शिवप्रसाद यादव, ईश्वर यादव, थानू यादव, अजय मंडावी, देवानंद जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।



### प्रयास विद्यालय में पढ़ेगा देवाशीष

**मुढीपार।** ग्राम के देवाशीष नेताम पिता गोपाल सिंह नेताम का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ हैं। वह केजऊ राम चौरे स्मृति विद्या मंदिर देवरी का छात्र था। छात्र को इस सफलता पर प्रहलाद नेताम, लक्की रजक, गिरीश नेता, गगन ठाकुर, बच्चू, हेमांक साहू, कल्यानी ठाकुर, पंकज, नितेश ने बधाई दी है।

### बस संचालकों को हिदायत



**डोंगरगढ़।** थाना परिसर में बस संचालको की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संचालकों को यातायात नियमों का पालन करने, बस स्टैंड या निर्धारित स्थान पर ही सवारी बैठाने उतराने की हिदायत दी गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई।

### आश्रम प्रांगण में कराया योग



**खुज्जी।** ग्राम कबीर मठ नदिया में योग दिवस के अवसर पर योग और प्राणायाम किया गया। विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने विद्यालय प्रांगण पर योग का प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास किया। इसी प्रकार आश्रम प्रांगण पर संत गिरवर साहेब ने योग कराया। इस अवसर पर गिरवर साहेब ने कहा कि कफ़, पित्त और वात को संतुलित रखने के लिए योगाभ्यास किया जाता है। इस मौके पर शिक्षक श्री कोसरिया, शिक्षिका किरण बघेल, सरपंच वंदिता ठाकुर मौजूद थी।

## निधन



### सुभिया जंघेल

**डोंगरगढ़।** ग्राम ढारा निवासी सुभिया जंघेल का 22 जून को आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे पति प्रहलादसिंह जंघेल, पुत्र द्वारिका, जंगल, टीकमचंद जंघेल, प्रमोद जंघेल, प्रदीप जंघेल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

---

### खाद, मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन

# अन्याय के खिलाफ कांग्रेस ने किया एसडीएम दफ्तर का घेराव

## भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर किसानों के साथ वादा खिलाफी, खाद की कालाबाजारी और मुआवजा देने, जिले में संचालित अवैध क्लिनिक पर रोक लगाने की मांग को लेर जिला कांग्रेस कमेटी और युवक कांग्रेस ने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया।

प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि शहीद नगरी में किसान अपने हक के लिए एकत्रित हुए है। प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को छल रही है। किसान खेती का काम छोड़कर सड़क पर अपने अधिकार के लिए लड़ने आए है। सरकार किसानों को खाद, बेरोजगारों को रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा देने में असफल साबित हो रही है।विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि किसान खाद के लिए दुकानों के चक्कर काट रहे हैं। बिजली बिल डबल हो गया है। धान खरीदी केंद्र हटाने से किसान परेशान है।



### लोगों ने की नारेबाजी

मंचीय कार्यक्रम के बाद सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय के तरफ रवाना हुए और बेरीकेट्स को पार करते हुए एसडीएम कार्यालय के सामने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने 7 दिनों के भीतर मांगों के पूरा नहीं होने पर कलेक्ट्रेट का घेराव करने की चेतावनी दिया। इस मौके पर नीलांबर वर्मा, लाल तारकेश्वर शाह खुसरो, रामकुमार पटेल, मोतीलाल जंघेल, हेमंत वैष्णव, सज्जाक खान, संजीव दुबे, सुदीप श्रीवास्तव, संजय महोबिया, उत्तम जंघेल, दशमत जंघेल, आकाशदीप सिंह, भीखम छाजेड़, हिमांचल राजपूत, आलोक यादव, अय्यूब कुरैशी, मोहम्मद खान, ललित महोबिया, केशवदास मिश्रा, कपिनाथ महोबिया, कैलाश वर्मा, कामदेव जंघेल, संतोष यदु, अमित महोबिया, रिंकू गुप्ता, अशरफ खान, अख्तर सोलंकी, कमलेश यादव, राजेश चौबे, अनुराग सोनी, अनिमेष महोबिया, निलेश गुप्ता, गणेश वैष्णव, मनीष कोचर, प्रकाश, संजू नेताम, चंद्रेश कुंभकार, शैलेश देवांगन, शैलेन्द्र तिवारी, लेखनारायण टांडेकर, दिलीप ओगरे, शैव्या वैष्णव, लक्ष्मी कुंभकार, यशवंत, अमन सोनी, दशरथ जंघेल, दिनेश साहू, लक्ष्मण विश्वकर्मा, सीखें पटेल, राजेंद्र मरावी आदि मौजूद थे।

### झूठ की नींव पर खड़ी है सरकार

नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि झूठ की नींव पर खड़ी सरकार ज्यादा दिन नहीं चलेगी। सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जनता भाजपा के फरेब को समझने लगी है। उन्होंने कहा कि शहर को रश्मि देवी जलाशय से पानी नहीं मिला तो लड़ाई जारी रखेंगे।जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने कहा बीजेपी नेताओं को बताना चाहिए कि किसानों को खाउ कब मिलेगी। जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष गुलशन तिवारी ने कहा सोसायटी से जारी खाद कितने किसानों को मिली यह जानकारी सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दनिया छुईखदान सड़क के दायरे में आने वाले निर्माण का मुआवजा अब तक किसानों को नहीं मिला है। प्रभावितों को सिर्फ तारीख पर तारीख दिया जा रहा है।

---

# बुचीभरदा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बुचीभरदा के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवशोत्सव 2025-26 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर व अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव डीआर देवांगन एवं विशिष्ट अतिथि आरला सरपंच साधना राहुल साहू, उपसरपंच शशिकला देवांगन, विकासखंड स्रोत समन्वयक भगत सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर , रमेश चंद्राकर, युवा नेता राहुल साहू, एसएमसी अध्यक्षद्वय माध्यमिक विभाग अनुरूद्ध कौशिक, प्राथमिक विभाग उत्तम सिंह कलिहारी थे।

इस अवसर पर कक्षा पहिली और छठवीं के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर, मुंह मीठाकर व निःशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। इसके साथ सरपंच साधना राहुल साहू बच्चों के लिए उपहार स्वरूप शानदार पानी का बाटल अतिथियों के करकमलों से बांटा गया।

मुख्य अतिथि प्रतिमा ने बच्चों से अनुशासन में रहकर, मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने स्कूल, गांव और माता-पिता का नाम रोशन करने कहा। अध्यक्षता करते विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीआर देवांगन ने शाला में बच्चों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया। इस दौरान छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। न्योता भोज के तहत आरला-बुचीभरदा के सरपंच साधना राहुल साहू द्वारा बच्चों को बूंदी का लड्डु परोसा गया। इसके अलावा उपसरपंच शशिकला देवांगन द्वारा बच्चों को पेन भेंट किया गया। इस अवसर पर राकेश सोनी, विभूति ठाकुर, रौशन बेग मिर्जा, मिलन सिंह साहू, चुनुराम साहू, शत्रुघ्न साहू, जितेंद्र साहू, धर्मेन्द्र साहू, चांताराम साहू, विनोद चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी, लेमत भुआर्य, परमानंद साहू, दिनेश्वर साहू, पुरूषोत्तम मंडावी, माहेश्वरी बंजारे, उमेश्वर निषाद, लीलाधर साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

---

# जैन समाज की बेटियों के लिए कार्यशाला का आयोजन

## चुनौतियों से निपटने किया मानसिक रूप से तैयार




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वर्तमान परिवेश में आने वाली युवा बच्चियों को चुनौतियों से निपटने मानसिक व शारीरिक रूप से तैयारी को लेकर भारतीय जैन संगठन द्वारा दो दिवसीय स्मार्ट गर्ल्स कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला चैप्टर अध्यक्ष व महावीर स्वामी वार्ड पार्षद अजय छाजेड़ ने बताया कि तेरह से इक्कीस साल आयु वर्ग की बेटियों को वर्तमान समय मे आने वाली अलग-अलग प्रकार की चुनौतियों से निपटने, पूरे आत्मविश्वास और जिम्मेदारी से उन चुनौतियों का सामना करने कौशल और मानसिकता तैयार करने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई। जहॉ विषय विशेषज्ञों द्वारा आत्म-जागरूकता, भावनात्मक शक्ति और निर्णय लेने में स्पष्टता सहित युवाओं, विशेषकर किशोर लड़कियों के लिए आवश्यक सभी गुणों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला में प्रमाणिक प्रशिक्षिका राज नाहर रायपुर और अभिषेक ओसवाल दुर्ग ने वास्तविक जीवन के विषयों जैसे आत्म मूल्य और आत्मविश्वास को समझना, साथियों के दबाव को संभालना और सही निर्णय लेना, रिश्तों और भावनाओं का प्रबंधन करना, व्यक्तिगत सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता सहित नैतिक मूल्यों के साथ आधुनिकता को संतुलित करने जैसे विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। समापन कार्यक्रम में सक्रिय रूप से मौजूद 21 लड़कियों ने कार्यशाला में मिले अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कार्यशाला ने स्वयं और समाज के प्रति उनका नजरिया बदल दिया है। इस दौरान संगठन के अंजू ओसवाल, निधि चौरड़िया, पायल नाहटा, श्वेता छाजेड़, प्रीति मुणोत, श्रुति जैन, आरती पारख, भारती डाकलिया, स्वीटी छाजेड़, सौम्या चोपड़ा, रश्मि डाकलिया, गुलाब छाजेड़, महेंद्र डाकलिया सहित अन्य मौजूद थे। चैप्टर अध्यक्ष अजय छाजेड़ ने कार्यशाला में शामिल युवा बेटियों सहित अन्य

---

# मनोहर गौशाला में विकसित हो रहा जंगल

## आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में भी अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धरमुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला देशभर की उन मिसालों में शामिल हो रहा है जहां गायों के लिए प्राकृतिक वातावरण में संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है। यहां 4 हजार से अधिक पेड़ों की हरियाली विकसित की गई है। इसे द्वापर युग की तर्ज पर प्राकृतिक गौशाला बनाया जा रहा है।

- स्वच्छंद विचरण करेंगे गौवंश

मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ अखिल जैन ने बताया कि परिसर में निर्माणाधीन चंद्रमणी गौ चिकित्सालय व रिसर्च सेंटर के पास 700 अशोक के पौधे रोपे जाएंगे। इस मानसून में इन पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके साथ ही साढ़े 4 हजार से अधिक पौधों के जंगल से गौशाला सुशोभित हो जाएगा। यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बनाएगा बल्कि पशुओं को छांव व शांति का वातावरण भी प्रदान करेंगा। यह पहल अपने आप में एक हरित क्रांति का रूप ले रही है। गौशाला में तालाब का निर्माण भी पूरा हो चुका है ताकि गौवंशों के लिए जल की समुचित व्यवस्था हो सके। साथ ही पशु चिकित्सालय का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। आने वाले दो सालों में चिकित्सालय भी बनकर तैयार हो जाएगा।

मनोहर गौशाला में गोमूत्र और गोबर से जैविक खाद व प्राकृतिक कीटनाशक का निर्माण भी किया जा रहा है, जो रसायनिक उर्वरकों का विकल्प बनकर आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में प्रेरणादायक कदम है। इस अभिनव प्रयोग पर इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर के वैज्ञानिकों की टीम फील्ड ट्रायल और रिसर्च कर रही है। इस नवाचार का पेटेंट भी हो चुका है। इससे यह पहल न केवल क्षेत्रीय, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता प्राप्त कर रही है। डॉ. जैन ने बताया कि मनोहर गौशाला आज एक ऐसा केंद्र बनता जा रहा है, जहां आत्मनिर्भर गौशाला के माध्यम से आत्मनिर्भर गांव की संकल्पना भी पूरी हो रही है।

---

# इंदिरा विवि में मनाया विश्व संगीत दिवस



**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि के संगीत संकाय में शानदार प्रस्तुतियों के साथ विश्व संगीत दिवस मनाया गया। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के संरक्षण व कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित सांगीतिक संध्या का शुभारंभ दीप प्रज्वलन साथ किया गया।

कलाकारों का सम्मान संगीत संकाय के अधिष्ठाता प्रो नमन दत्त, सहा प्राध्यापक डॉ लिकेश्वर वर्मा, विवेक नवरे और डॉ.हरिओम हरि ने किया। संकाय के तीनों विभाग गायन, तंत्री वाद्य और अवनद्ध वाद्य विभाग के प्रतिभाशाली कला साधकों ने तीन उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दी जिसमें देवेंद्र वर्मा ने बांसुरी पर राग हंसध्वनि में त्रिताल में निबद्ध गत बजाई, इनके साथ तबले पर रामचंद्र सर्पे ने कुशल संगति की। द्वितीय प्रस्तुति में किशन दास महंत ने त्रिताल में एकल तबला वादन प्रस्तुत किया, इनके साथ विवेक विश्वकर्मा ने हारमोनियम पर लहरा संगत की। अंत में कार्यक्रम का समापन सम्राट भट्टाचार्य के सुमधुर गायन से हुआ। इन्होंने राग मारूबिहाग में बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल व राग मिश्र खमाज में एक सुंदर ठुमरी प्रस्तुत की। इनके साथ हारमोनियम पर ऋषभ मिस्त्री तथा तबले पर डॉ शिवनारायण मौरे ने सधी हुई संगत की। मंच संचालन गायन विभाग के छात्र राहुल चौहान ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ लिकेश्वर वर्मा द्वारा आभार वक्तव्य दिया गया। इस दौरान कथक नृत्य संकाय की अधिष्ठाता प्रो डॉ नीता गहरवार, संगीत संकाय के सहा प्राध्यापक जगदेव नेताम, डॉ दिवाकर कश्यप सहित शोधार्थी, विद्यार्थी सहित संकाय के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### प्रयास विद्यालय में चयन

**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला जंगलपुर की कक्षा 8 वीं की छात्रा भावना जंघेल निवासी ओटेबंद तथा विष्णु जंघेल निवासी माणिकचौरी का प्रयास विद्यालय में हुआ चयन। राज्य में विष्णु को 171 एवं भावना को 180 रैंक प्राप्त हुआ। बुधवार को पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान देवकुमार वर्मा, संकुल समन्वयक संजयसिंह राजपूत, पुरुषोत्तम साहू, मीना जंघेल, दिनेश जंघेल, वर्षा साहू, संकुल प्राचार्य सीताराम पाल, ऐमन जंघेल, शैलेन्द्र शिवहरे, श्रवण जंघेल आदि उपहार देकर उन्हे सम्मानित किया।

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मदन लाल आ. किशनलाल आयु 62 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम अछोली तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ०ग०) के बताये अनुसार विश्वास करता हूं कि मेरे पक्षकार के पुत्र सुरेश कुमार साहू जो विकलांग मानसिक रूप से एवं मिर्गी बीमारी से ग्रस्त है उसका डाक्टरी ईलाज जारी है। वह डोमन साहू अछोली, जनक मानिकपुरी अछोली, सुरेश यादव बुधवारी पारा डोंगरगढ़ से पार्टनरशीप में अनाज (गल्ले) का क्रय विक्रय का काम संयुक्त रूप से व्यवसाय चालु किये मेरे पक्षकार पुत्र के पार्टनर मेरे पक्षकार के पुत्र को कर्ताधर्ता बनाकर अनाज (गल्ले) का क्रय विक्रय चालू किये और एक माल वाहक वाहन कंपनी से ऋण में प्राप्त किये है जिसके किस्त का भुगतान मेरे पक्षकार का पुत्र सुरेश कुमार साहू करते आ रहा है। वाहन का किस्त बकाया है तथा अनाज गल्ले के क्रेतागण द्वारा खरीदी रकम मेरे पक्षकार के पुत्र को नहीं दिये जिसके कारण अनाज गल्ले के विक्रेतागण का बकाया है। मेरे पक्षकर के पुत्र द्वारा मेरे पक्षकार एवं परिवार को कार्य व्यापार के बारे में कभी नहीं बतलाया उसके लेन देन के बारे में मेरा पक्षकार एवं उसका परिवार कुछ नहीं जानता अनाज गल्ले विक्रेतागण बकायादार मेरे पुत्र को घर से बुलाकर ले जाते मेरा पुत्र 4-5 दिन तक घर नहीं आता था। मेरे पक्षकार मानसिक दशा ठीक नहीं है वह कभी कभार घर आता है। उक्त अनाज विक्रेतागण (बकायादार) घर में जबरन घुसकर उसे पूछते है। मेरे पक्षकार और उसके परिवार जनों द्वारा घर पर नहीं है तब वे लोग घर में जबरन घुसकर तलाशी लेते है और चेतावनी देकर जाते है कि हम सुरेश कुमार साहू से रकम वसूल करके रहेगें मैं मेरा परिवार उनसे उनका नाम पता पुछते है तो व अपना नाम पता नहीं बतलाते तब मेरे पुत्र के पार्टनरों से बकायादारो का नाम पता पुछते है वो भी कुछ नहीं बतलाते। इससे स्पष्ट है कि मेरे पुत्र के पार्टनर बकायादार मिली भगत कर मेरे पक्षकार के पुत्र को मानसिक प्रताड़ना दे रहें है जिससे वह घर में नहीं आ रहा है। पता नहीं यदि मेरे पक्षकार के पुत्र को कुछ हो गया या परेशान होकर आत्महत्या कर लेता है तो इसकी जवाबदारी मेरे पक्षकार के पुत्र एवं उसके पार्टनरों की होगी मेरे पक्षकार एवं उसके परिवार की नहीं होगी और यह भी चेतावनी देता हूं कि मेरे पक्षकार के पुत्र से स्वयं एवं संभावित पार्टनर अथवा सहयोगी के द्वारा अनाज गल्ले एवं अन्य वस्तुओं का क्रय विक्रय ना करें यदि संभावित विक्रेता क्रेता कोई संव्यवहार करता है उसके लिए वे व्यक्तिशः एवं संयुक्त रूप से जिम्मेदार रहेगें। मैने अपने पुत्र सुरेश कुमार साहू को घर एवं अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

सो सूचना जाने

भवदीय

**आर.के. ठाकुर अधिवक्ता**

एक बत्ती पांच रास्ता डोंगरगढ़
जिला राजनांदगांव (छग)

---

### गोंडवाना समाज ने मनाया दुर्गावती बलिदान दिवस

# पारंपरिक करमा नृत्य के साथ निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के अमलीपारा सामाजिक भवन में गोंडवाना समाज ने वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया। पारंपरिक पूजा अर्चना बाद अतिथियों सहित समाज के वरिष्ठों ने रानी दुर्गावती के जीवन वृत्त की जानकारी साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अपने परगना की रक्षा के लिए मुगलों से आर पार की लड़ाई लड़कर नारी शक्ति का भान कराया।




जल जंगल जमीन को लेकर रानी दुर्गावती के दृष्टिकोण को लेकर कहा कि इसके सरंक्षण व संवर्धन सहित प्रेरणा की बदौलत आज जल, जंगल, जमीन सुरक्षित है। गोंडवाना भूभाग में रहने वाले लोगों को आत्मनिर्भर बनाने अहम भूमिका का उन्होंने निर्वहन किया। वक्ताओं ने बताया कि रानी दुर्गावती के बताए रास्तों को अमल में लाते हुए तहसील ब्लाक के सामाजिक बंधुओं ने सरकार से मिले जमीन पर स्वयं के व्यय से विशाल भवन का निर्माण कराया है। आत्मनिर्भर होने के लिए सभी परिवारों ने हाथ से हाथ मिलाया और लगभग सोलह लाख रूपयों की लागत से जिला मुख्यालय में समाज का खुद का भवन हो गया है जिसके चलते सामाजिक धार्मिक कार्यों के लिए अब भटकना नही पड़ेगा।

कार्यक्रम दौरान गोंडी कर्मा नृत्य दल कोदवा गातापार और जय बूढ़ादेव गुदुम बाजा पार्टी जंगलपुर ने पारंपरिक नृत्य संगीत की शानदार प्रस्तति दी। इस दौरान केशव मरकाम, लखन धुर्वे, डीआर मंडावी, जयपाल सोरी, निजाम मंडावी, द्वारका ठाकुर, अग्रहित मंडावी, देव मंडावी, भोला राम छेदैया, धरम मंडावी, राधे छेदैया, राजकुमार मंडावी, भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, अजय धुर्वे,मनहरण मंडावी,बिश्राम मंडावी, चिन्ताराम नेटी, विश्राम मंडावी, महेन्द्र नेताम, कुंजबिहारी नेताम, संतोष कोहकट्टा, सुरीत मंडावी, मंगतराम धुर्वे, दौवा सिंह शोरी, रामावतार नेताम, प्रेम छेदैया, महादेव मंडावी, रायसिंग छेदैया, संतोष मंडावी, नंदू नेताम, बेलसिंग नेताम, संत मंडावी, सालिक पडोटी, सुखदेव छेदैया, हरि बहादुर, धनेश सोरी, उत्तम सोरी, किशन छेदैया सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### बुद्धिजीवी वर्ग करें चिंतन

गोड़ समाज के जिलाध्यक्ष संतराम छेदैया ने जय जोहार के साथ बात की शुरूआत करते हुए कहा कि जिस दिन समाज का बुद्धिजीवी वर्ग रानी दुर्गावती के आदर्श, वीरता को लेकर सोचना प्रारंभ कर देगा तो समझो उसी दिन से समाज के लोगों में नव ज्योति जलनी शुरू हो जाएगी। रानी के शहादत, त्याग को लेकर मनन करने मात्र से ही समाज की पूरी उर्जा शक्ति उस दिशा में काम करना प्रारंभ कर देगी। संतराम छेदैया ने कहा कि शिक्षा केवल जीवन यापन का साधन मात्र नहीं होना चाहिए बल्कि स्वाभिमान से समाज को जीना सिखाने वाली होनी चाहिए।

## सार समाचार

### तुलसीपुर वार्ड में याद किए गए मुखर्जी

**राजनांदगांव।** तुलसीपुर सिविल लाइन में वार्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के आदिपुरूष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का पुण्य स्मरण किया। समारोह में डॉ. मुखर्जी की फोटो पर दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान के प्रणेता भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी के बलिदान को भारत देश कभी भुला नहीं सकता, इसे सदियों तक याद रखा जाएगा। इस आयोजन में नगर निगम अध्यक्ष टोपेश्वर पारस वर्मा, भाजपा नेतागण राजेन्द्र जैन, हैरी जोसेफ, संतोष कुमार वर्मा, हर्ष रामटेके, पंकज कुरंजेकर, समीर श्रीवास्तव, नरेन्द्र यादव, संतोष सिंह, सतीश रेवतकर, प्रकाश हरिहारनों, सलीम कुरैशी, मनीष मानिकपुरी, प्रभात टेम्भेकर, यश गढ़पायले, कलश डोंगरे, ठाकुर रमन सिंह, किशुन यदु, मुकेश शर्मा, मनीष जैन, सुधा पवार, दुर्गा भुनेश्वर समेत अन्य लोग शामिल थे।



### शाला त्यागी शून्य करने चलाया अभियान

**राजनांदगांव।** शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार में कार्यरत व्याख्याता थंगेश्वर साहू द्वारा विद्यालय खुलने के पूर्व एवं बाद छुट्टी पश्चात गांव में घूम-घूमकर छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत प्रवेश हेतु एवं उपस्थिति के लिए पालकों एवं ग्रामवासियों से संपर्क कर शाला त्यागी बच्चों की संख्या लगभग शून्य करने अभियान चला रहे हैं। तिलईरवार के कोटवार व्यासनारायण को शत-प्रतिशत प्रवेश एवं उपस्थिति के लिए गांव में मुनादी करने कहा गया। सरपंच, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों को भी इस जागरूकता अभियान में शामिल कर इस कार्य के लिए प्रेरित किया जा रहा है।




### सुरगी में नवविद्यालय पब्लिक स्कूल का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** प्रदेश में इन दिनों शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम सुरगी में नवस्थापित अर्नव पब्लिक स्कूल का उद्घाटन सरपंच सुग्रीव साहू के करकमलों से संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में बच्चों के स्वागत के लिए तिलक, पुष्पवर्षा और मिठाई वितरण जैसे पारंपरिक आयोजन हुए। बच्चों और पालकों में नई शुरूआत को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुमन साव, संस्था के संरक्षक एसके देवांगन, शाला स्टाफ, ग्रामीणजन एवं पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### बाल संरक्षण आयोग सदस्य ने की कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव।** जिले के सड़क चिरचारी क्षेत्र में हुई दर्दनाक घटना ने क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। यहां एक सूचना पटल के नीचे दबने से 5 वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की सदस्य संगीता गजभिए ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ित परिवार से मिलकर गहरा शोक व्यक्त किया। श्रीमती गजभिए ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते कहा कि लापरवाही से बने या अधूरे निर्माण कार्य बच्चों के जीवन के लिए खतरनाक सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस मामले में दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जाए। निरीक्षण के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश यादव भी शामिल थे।



### बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**राजनांदगांव।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला चौखड़ियापारा में 24 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षद सहित पालक एवं शालेय परिवार उपस्थित थे। 24 जून को शासकीय बालक प्राथमिक शाला चौखड़ियापारा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विशेष अतिथि पार्षद सतीश साहू एवं पूर्व पार्षद विजय राय उपस्थित थे। कार्यक्रम के तहत नवप्रवेश बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने बच्चों को सुबह उठने, योगाभ्यास करने व बच्चों से नियमित रूप से स्कूल आने व मन लगाकर पढ़ाई करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक श्रीमती रीता दुबे, सहायक शिक्षक चेतनलाल साहू, सहायक शिक्षिका श्रीमती मंजू पैकरा सहित पालकगण उपस्थित रहे।



## पृष्ठ 11 का शेष

### स्थल चयन गलत...

**स्वावलंबन योजना की दुकानें भी खंडहर-** स्वावलंबन योजना के तहत बने व्यावसायिक परिसर भी खंडहर हो गए हैं। शहर के त्रिवेणी परिसर के सामने लगभग 14 दुकान खंडहर पड़ी हुई है। इसी तरह लखोली बायपास के नीचे बनी दुकानें भी खंडहर हो रही है।

### अवैध शराब पर...

निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध रूप से नशीले पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था।

## आपातकाल की बरसी पर बोले मेयर मधुसूदन

# लोकतंत्र को हिलाने का था षड्यंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आपातकाल की 50वीं बरसी पर बुधवार को भाजपा कार्यालय में आपातकाल की त्रासदी पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते मनोज निर्वाणी ने बताया कि कार्यक्रम में आपातकाल में मीसाबंदी के रूप में प्रताड़ना झेल चुके लोगों को भी बुलाया गया। सभी ने अपना अनुभव सुनाया और बताया कि आज भी 25 जून को 50 वर्ष बाद भी उन्हें पुराना दर्द याद आता है। इस दौरान मीसाबंदी परिवार के रूप में श्रीमती बसंत लता निर्वाणी, कुलवंत कक्कड़, अमित छाबड़ा, छाया गुप्ता, मुरलीधर चौधरी और राधव तिवारी का सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि इंदिरा गांधी ने धारा 352 की धारा का दुरूपयोग कर 12 जून 1975 को आपातकाल लगा दिया था, जिसे भाजपा आज संविधान हत्या दिवस के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का यह फैसला ना तो देशहित में था और ना किसी आपदा की मांग थी। यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री द्वारा लोकतंत्र की नींव को हिलाने का षड्यंत्र था। श्री यादव ने कहा कि जो लोग आज संविधान बचाओ का नारा दे रहे हैं, वही इतिहास में संविधान को सबसे ज्यादा बार कुचल चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा भाजपा पर आरोप लगाती है कि संविधान को बदल दिया जाएगा, एसटी-एससी का आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा, लेकिन आपातकाल के माध्यम से कांग्रेस ने उस दौर में कई बार संविधान के साथ खिलवाड़ किया है।




### नेताओं की रही उपस्थिति

कार्यक्रम का संचालन झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज निर्वाणी व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक अतुल रायजादा ने किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, राजेंद्र गोलछा, रविंद्र वैष्णव, सौरभ कोठारी, पूर्णिमा साहू, सावन वर्मा, चंद्रिका डड़सेना, तरुण लहरवानी, गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया, मुरलीधर चौधरी सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

### प्रेस की स्वतंत्रता पर किया था हमला: पारख

वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं को रोकने के अलावा प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब-जब उसकी सत्ता संकट में होती है, वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते हैं।

### आज रायपुर में सम्मानित किए जाएंगे मीसाबंदी

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आपातकाल के समय मीसाबंदी के रूप में प्रताड़ना झेलने वाले परिवारों का सम्मान करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में मीसाबंदियों को आमंत्रित करने शासन की ओर से व्यवस्था की गई है। गत दिनों आपातकाल पर प्रेसवार्ता लेने के लिए प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं बेवरेज कार्पोरेशन निगम के पूर्व अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने का आगमन हुआ था। उन्होंने मनोज निर्वाणी के घर जाकर उनकी माता बसंत लता निर्वाणी को मुख्यमंत्री का निमंत्रण दिया और कल 26 जून को मुख्यमंत्री निवास में सादर आमंत्रित किया।

# नए पदाधिकारियों व वार्ड अध्यक्ष की शीघ्र नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार 24 जून को शहर जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के निर्देशानुसार शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यालय भरकापारा वार्ड नंबर 27 में आयोजित हुई।

ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री नीरज कन्नौज ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर दक्षिण ब्लॉक की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर माह यह बैठक अलग-अलग वार्डों में की जाएगी। जिन वार्डों में वार्ड अध्यक्ष सक्रिय नहीं है, वहां नए वार्ड अध्यक्ष बनाए जाएंगे एवं नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा।

बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि ब्लॉक संगठन द्वारा रचनात्मक कार्यों को भी संपादित किया जाएगा और आम जनता से जुड़ने का प्रयास कांग्रेसजन करेंगे। वार्ड एवं लोकल स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए सभी कांग्रेसजन संघर्ष कर जनता से सीधा संपर्क बनाने का काम करेंगे। उन्होंने उपस्थित कांग्रेसजनों से ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार की असफलताओं को जनता के बीच लाने सोशल मीडिया एवं उचित प्लेटफार्म के माध्यम से आम जनता के हक के लिए जनता के साथ खड़े होकर उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस एवं शहर जिला कांग्रेस से प्राप्त निर्देशों के अनुसार संगठन सदैव पार्टी हित एवं जनहित में कार्य करेगा।

इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राजू खान, वरिष्ठ कांग्रेसी मामराज अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रकाश बाफना, ब्लॉक उपाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को मिला लोकसभा का अनुभव

**राजनांदगांव।** शहर के एक निजी स्कूल परिसर में यंग इंडियंस दुर्ग चेप्टर द्वारा यंग इंडिया पार्लियामेन्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों में लोकसभा के कामकाज को समझने और राजनीति के क्षेत्र में आगे आकर देश के विकास में योगदान देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया था। आयोजन में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने शामिल होकर लोकसभा के अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।

यंग इंडिया पार्लियामेंट के सिटी लेबल राउंड के आयोजन में 8 स्कूलों के 70 प्रतिभावान विद्यार्थियों को चुना गया था। इस पार्लियामेंट में प्रधानमंत्री, लोकसभा स्पीकर से लेकर विभिन्न विभागों के मंत्री, नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किए गए थे। इस आयोजन में शामिल होकर विद्यार्थियों ने अनुभवी राजनेताओं की तरह देश के मुद्दे, योजनाओं और हालातों पर सदन में अपनी बात रखी।



### राष्ट्रीय स्तर पर होगा आयोजन

आयोजक अभिषेक सुराना ने बताया कि यहां से इन विद्यार्थियों का चयन रीजनल के लिए होगा और रीजनल के आयोजन में चयनीत विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे, जहां से उन्हें लोकसभा की कार्रवाई देखने का मौका भी मिलेगा।

### पूर्व सांसद ने किया संबोधित

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि यंग इंडिया पार्लियामेंट के आयोजन में शामिल होना और देश के अलग-अलग विभागों के मुद्दों को समझकर विषयों को सार्थक और मजबूती के साथ सदन में रखने के अनुभव विद्यार्थियों को मिला है।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, अवैध गांजा, शराब विक्रेता, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर चाकू या आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर डोंगरगढ़ पुलिस लगातार निगरानी रखकर कार्रवाई किया जा रहा है।

### घेराबंदी कर पकड़ा

इस अभियान के दौरान 24 जून को एक लड़का नेहरू कॉलेज गाजमर्रा रोड़ डोंगरगढ़ के पास धारदार चाकू रखकर लोगों को दिखाकर डरा-धमका रहा है कि सूचना पर तत्काल स्टाफ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को एक बटनची चाकू के साथ पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम रितेश मसीह पिता मुकेश मसीह 30 साल पता बंगालीपारा वार्ड नं. 21 थाना डोंगरगढ़ का बताया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार बटनची चाकू विधिवत जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचे

आरोपी रितेश मसीह ने कुछ दिनों पूर्व ही सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में चाकू के साथ फोटो अपलोड किया था। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लगातार सोशल मीडिया के आपत्तिजनक पोस्ट पर निगरानी किया जा रहा है एवं उस पर कार्रवाई किया जा रहा है। आम जनता से पुलिस की अपील है कि चाकू व अन्य आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया में वायरल करने से बचें। भविष्य में इस प्रकार सोशल मीडिया में गलत पोस्ट कर समाज में अशांति फैलाने वाले के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लॉक सरपंच संघ के जितेन्द्र बने अध्यक्ष



**सोमनी।** राजनांदगाव ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक बुधवार को राजनांदगांव जनपद पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुआ। बैठक में ब्लॉक के सभी सरपंच उपस्थिति थे। जिसमें संघ के पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें भोथीपारखुर्द के सरपंच जितेन्द्र साहू को सर्वसहमति से अध्यक्ष चुना गया है।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष लिसमृता मानिकलाल वर्मा अमलीडीह, बैधनाथ सिन्हा मनगटा, हिपेंद्र साहू सुंदरा, डिल्लूराम साहू डोडिया, सचिव पुनिता साहू उपरवाह, सह सचिव अनामिका यादव मनकी, रमाकांत जोरातराई, कोषाध्यक्ष मलिखम कोसरे बासुला, मीडिया प्रभारी अभिषेक पाटिला ककरेल, अजित महिपाल महरूमखुर्द, सोशल मीडिया अक्षय क्षत्रिय, कार्यकरणी सदस्य हिना साहू पदुमतरा, ऐश्वर्या साहू ठाकुरटोला, संतोषी वैष्णव भाठागांव, प्रभा वैष्णव भनपुरी, चुनेश्वर साहू कोपेडीह, लक्ष्मी बंजारे भर्रेगांव शामिल हैं।

सरपंचों को संघ की कार्यकरणी के रूप में रखा गया। पदाधिकारियों को जनपद अध्यक्ष प्रतिमा रमेश चंद्राकर, जनपद सीईओ मनीष साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा द्वारा परिसर के सामने तिलक लगाकर बधाई दिया गया।

# लालबाग से निकलेगी भव्य रथयात्रा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज के तत्वावधान में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह भक्ति और श्रद्धा से परिपूर्ण यात्रा लालबाग प्रभातनगर वार्ड क्रमांक 23 से धूमधाम से निकाली जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक एवं रथयात्रा समिति के संरक्षक गोलू नायक ने बताया कि रथयात्रा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने श्रद्धालुजनों और नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार सहित रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दिव्य आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें।



### धार्मिक वातावरण में गूंजेंगे जयकारे

रथयात्रा के दौरान पूरे मार्ग को सजाया जाएगा और भजन-कीर्तन, शंखध्वनि व जयघोष से वातावरण भक्तिमय होगा। श्रद्धालु भक्तगण रथ को खींचकर पुण्य अर्जित करेंगे। इस दौरान समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।

### धार्मिक चेतना को करता है मजबूत

छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली यह यात्रा सामाजिक एकता और धार्मिक समरसता का प्रतीक बन चुकी है। यात्रा के सफल आयोजन हेतु समाज के सभी सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। री गोलू नायक वर्तमान में छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज के प्रदेश महामंत्री, जगन्नाथ रथयात्रा समिति के संरक्षक तथा सफाई कर्मचारी नगर पालिक निगम यूनियन संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष हैं।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा 1282 उप समिति राजनांदगांव की कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। इसमें आगामी होने वाले कार्यों एवं सामाजिक रूप से गतिविधियों पर विशेष चर्चा किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किया। महिला और युवाओं के कार्यों की भी समीक्षा की गई। बैठक में उपसमिति अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह क्षत्रिय, उपाध्यक्ष संतोष कुमार चंदेल, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बैस, सचिव रघुनंदन सिंह ठाकुर, उपसचिव आदर्श सिंह ठाकुर, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य केदार सिंह राजपूत, केंद्रीय निर्णायक सदस्य लालेन्द्र सिंह ललित, महिला अध्यक्ष शशि चौहन, कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सिंह सिकरवार, घनश्याम सिंह चंदेल, इंद्रपाल सिंह ठाकुर, उमेश चौहान आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी आदर्श सिंह ठाकुर ने दी।



# लायंस क्लब ऑफ नांदगांव के प्रमोद बने अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** सत्र 25-26 के लिए लायंस क्लब ऑफ नांदगांव के अध्यक्ष पद के लिए नामिनेशन कमेटी द्वारा एमजेएफ लायन प्रमोद बागड़ी को अध्यक्ष पद व सचिव पद के लिए योगेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद के लिए संदीप सिंग को मनोनीत किया गया है।



नामिनेशन कमेटी के अध्यक्ष दिलीप खंडेलवाल द्वारा क्लब के अन्य पदों पर पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया है। जिसमें संरक्षकगण डॉ. आनंद वर्गिस, एचबी गाजी, नंदकिशोर खंडेलवाल, निवृत्तमान अध्यक्ष नंदकिशोर खंडेलवाल, अध्यक्ष एमजेएफ प्रमोद बागड़ी, प्रथम उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप भट्टाचार्य, द्वितीय उपाध्यक्ष राजेश कोटडिया, तृतीय उपाध्यक्ष ऋषभ नाहटा, सचिव योगेश गुप्ता, सह-सचिव मनमोहन साहू, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह, सह-कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, टेमर राहुल ललवानी, टेल ट्विस्टर नवीन तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी सदस्यता अमलेन्दु हाजरा, विस्तार चेयरमेन दिलीप खंडेलवाल, क्लब सर्विस चेयरपर्सन डॉ. आनंद वर्गिस, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एचबी गाजी, एलसीआईएफ कोआर्डिनेटर नंदकिशोर खंडेलवाल, क्लब मार्केटिंग कम्यूनिकेशन चेयपर्सन एमजेएफ ललित भंसाली, संचालक मंडल के सदस्य दिलीप खंडेलवाल, अमलेंदु हाजरा, अशोक श्रीवास्तव, राहुल बैद, कपील वरू, पास्ट प्रेसिडेंट फोरम अशोक कोटड़िया, अमलेंदु हाजरा, एमजेएफ प्रमोद बागड़ी, डॉ. आनंद वर्गिस, एचबी गाजी, एमजेएफ ललित भंसाली, दिलीप खंडेलवाल को मनोनीत किया गया है।

# पुलिस ने परखी बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उठाईगिरी जैसी घटनाएं ना हो इसके लिए सावधानी बरतते हुए पुलिस ने बैंकों की चेकिंग की। इस दौरान बैंक में गार्ड लगाने, संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर पुलिस को सूचना देने की हिदायत दी गई। सायबर क्राईम से सचेत रहने हेतु बैंकों को अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने कहा गया।

सुरक्षा के लिए लगाए गए उपकरण सीसीटीवी कैमरे, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारिकी से चेक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर में एएसपी मुकेश ठाकुर (ऑप्स) एवं एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से अपने-अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों एवं एटीएम को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया था।



### बैंकों की आंतरिक सुरक्षा उपायों की जांच

जिस पर जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने दल-बल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा एवं एटीएम को 25 जून को अभियान चलाकर चेक किया गया। बैंकों की सुरक्षा के लिए लगाए गए उपकरण सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारिकी से चेक किया गया।

### संदिग्धों की सूचना पुलिस को दें

चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीवी कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरूस्त रखने हेतु कहा गया। साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई तथा सभी बैंकों को निर्देशित किया गया कि अपने ग्राहकों को ऑनलाइन फ्रॉड के संबद्ध में जागरूक करें। आवश्यकतानुसार पोस्टर आदि एटीएम, बैंक के ऑफिस में लगाने हेतु कहा गया। बैंक के अंदर या बाहर कोई संदिग्ध व्यक्ति हरकत करते दिखता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करने का भी निर्देश बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया।



**मांग:** सड़कों के सुधार व मरम्मत कार्य की मांग, आवाजाही में परेशानियां

# सड़कें जर्जर व बदहाल, भीम रेजीमेंट कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ऐसे कई सड़के जो पूरी तरह से जर्जर व बदहाल एवं सड़के जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुके है, जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को आने-जाने में भारी परेशानियों के सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में भीम रेजीमेंट कार्यकर्ताओं द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग की गई। बताया जाता है कि कुण्डा से महका, कुण्डा से दामापुर, दामापुर से जैतपुरी, पटूवा से खैरवार, बोड़तरा से दुल्लीपारा, ढ़ोला-कापा से माकरी-गिरधारीकापा ऐसे कई प्रधानमंत्री सड़के जो देखरेख व क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी व सुधार तथा मरम्मत कार्य के अभाव में सड़के पूरी तरह से जर्जर होने से ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है।

जिस पर भीम रेजीमेंट के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द जर्जर हो चुके पीएम सड़को की सुधार कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में राहत व सुविधा मिल सकें। इस दौरान भीम रेजीमेंट के कार्यकर्ता जिसमें निलेश भास्कर, ब्लॉक प्रभारी राजेश कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष सूरज, उपाध्यक्ष मुकेश मोहले, महासचिव अजोर डहरिया, संरक्षक सतनामदास, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र लहरे, संयोजक सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।





### एक गांव से दूसरे गांवों का संपर्क टुटते जा रहा

यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन प्रशासन द्वारा शहर से ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने सड़को का जाल बिछाया गया है। लेकिन सड़कों की मरम्मत कार्य नही होने से एक गांव से दूसरे गांवों का संपर्क टुटते जा रहा है। जिस पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा सड़को की सुधार कार्य की मांग की गई ताकि राहगीर सड़क दुर्घटना हादसे से बच सकें।

### स्कूली छात्राओं व राहगीरों की बढ़ी परेशानी

ग्रामीणों ने बताया कि खासकर ज्यादा परेशानियां स्कूली छात्राओं व राहगीरों को उठानी पड़ रही, क्योकि सड़के जर्जर होने से छात्राएं व ग्रामीण राहगीर सड़क दुर्घटना की शिकार होकर चोटिल हो रही है, जिसस परेशानियां और बढ़ गई है।

# सैहामालगी-कोदवा पर पुलिया क्षतिग्रस्त, सड़क दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2018 में नव-निर्मित सैहामालगी से कोदवा पीएम सड़क सैहामालगी-कोदवा के मध्य की पुलिया के पास प्रधानमंत्री सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिससे सड़क का आधा हिस्सा धीरे-धीरे धंसती जा रही है साथ ही सड़क में दरार पढ़ने से छोटी-बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि सैहामालगी से कोदवा पीएम सड़क क्षतिग्रस्त होने से पुलिया के पास से गुजरना अब खतरे से खाली नहीं है। जिससे ग्रामीणों व राहगीरो को रात के समय जीवलेवा साबित हो सकती है। जिस पर ग्राम सैहामालगी व कोदवा के ग्रामीणों ने पीएम सड़क व पुलिया की सुधार तथा मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि आवागमन में सुविधा मिल सकें। साथ ही साथ क्षतिग्रस्त पुलिया सड़क किनारे सुरक्षा चिन्ह या चेतावनी बोर्ड लगाने की अपील की गई। जिससे छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटना को रोका जा सकें।

## चिमरा स्कूल में जल संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में गत दिनों 20 जून कोक छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण पहल मोर-गांव मोर-पानी महाअभियान के दिशा-निर्देश जल संरक्षण की दिशा में सोखता निर्माण एवं जल संरक्षण का महत्व पर कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विष्णुदत्त कौशिक ने किया प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार नागवंशी ने 214 बच्चों को जल शपथ दिलाई, विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती नीलिमा तिवारी, मालती चंद्रवंशी, सुनीता ठाकुर, उषा मिश्रा, रतन शर्मा और श्रीमती उषा मिश्रा ने जल है तो कल है को विस्तर कार्यक्रम में बच्चों को जल के मितव्यई उपयोग और घर का पानी घर में गांव का पानी गांव में रोकने सोखता निर्माण से भूमिगत जल के रिचार्ज होने से जल की उपलब्धता एवं भविष्य में जल संकट से बचने आवश्यक सावधानियां बदलते हुए विद्यालय में विद्यालय का पानी रोकने सोखता निर्माण और इनके महत्व को विस्तर बताया गया।

**खबर संक्षेप**

### सारंगपुर खुर्द के रहवासी ग्रामीण बुनियादी सुविधा लाभ से वंचित



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत जमुनिया के आश्रित ग्राम सारंगपुर खुर्द के ग्रामीण रहवासियो को शासन प्रशासन की योजना व मूलभूत सुविधा लाभ से वंचित होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पक्की सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य के अभाव में गांव की गली-मोहल्ले कीचड़ से लथपथ होने से आने जाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामवासी बुनियादी सुविधाओं की राह देख रहे है। इस ओर जिम्मेदारों को ध्यान देने तथा बुनियादी सुविधा जमीनी स्तर पर उतर सके, जिससे गांव में बुनियादी सुविधा मिल सके।

# नए शिक्षा शिक्षण सत्र का शुभारंभ 48 नवप्रवेशी का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में शाला प्रवेश उत्सव ग्राम पंचायत चिमरा सरपंच श्रीमती राजकुमारी भट्ट के मुख्य आतिथ्य और अध्यक्षता उप सरपंच लिखो एवं विशिष्ट अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष नेमीचंद साहू के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आमंत्रित पंच गण रमन साहू, अंतराम, रामला, संतोष बैग, डोंगरहा पटेल, भागीरथी साहू, विजय, चंद्र पटेल एवं खालिफ टंडन की उपस्थिति में मां सरस्वती पूजन एवं नव-प्रवेशी आंगनबाड़ी के 16 छात्रों एवं कक्षा पहली के 20 छात्राओं तथा कक्षा छठवीं के 229 प्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर, पुष्प हार एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया। ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा स्कूल में अध्यनरत 214 बालक-बालिकाओं को कापी-पेन भेंटकर शिक्षा के प्रति उन्हें प्रथम दिवस से ही पढ़ाई की प्रति विशेष रुचि बढ़ाने शुभकामनाएं दी। आमंत्रित समस्त अतिथियों पालकों का विद्यालय परिवार से श्रीमती नीलिमा तिवारी, श्रीमती उषा मिश्रा, श्रीमती सुनीता ठाकुर, श्रीमती ज्योति खरे, श्रीमती रत्ना शर्मा और प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप नागवंशी एवं शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने पुष्प-गुच्छ से किया शाला प्रवेश उत्सव में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं शाला विकास समिति एवं बालकों ने विद्यालय परिवार के साथ नए शिक्षा सत्र की कार्य योजना तैयार की। जिसमें प्रमुख रूप से विद्यालय का भौतिक विकास एवं शिक्षा गुणवत्ता सत्र में प्रगति कार्ड लिखित रूप से महाभारत निर्धारित करने प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया गया। गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और कक्षा अनुरूप स्तर का आकलन करने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर ने विद्यालय परिवार को माह जुलाई से ही कक्षा बार पंजी संधारित कर प्रत्येक बच्चों शिक्षा स्तर लिखित रूप से संधारित करने प्रेरित किया, कार्यक्रम का समापन मां सरस्वती वंदना एवं राज्य गीत के समूह वचन से किया गया।



# खेलों से व्यक्ति का चरित्र निर्माण व उससे राष्ट्र निर्माण ही ध्येय है: मंत्री प्रसाद महानकर

- अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर कवर्धा प्रवास पर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




क्रीड़ा भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर का विगत दिनों कवर्धा प्रवास पर रहें। जिसमें उन्होंने कवर्धा जिले के प्रमुख खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों एवं पूर्व खिलाड़ियों से संवाद कर जिले में खेलों की गतिविधियों और क्रीड़ा भारती के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती की कवर्धा इकाई के दायित्वधारियों की घोषणा भी की गई। संपूर्ण कार्यक्रम की रचना क्रीड़ा भारती के प्रांत संगठन मंत्री सुमित उपाध्याय के मार्गदर्शन में की गई।

इस कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती क्षेत्र संयोजक अनंत डिके, कोष प्रमुख प्रकाश बिस्पुते, क्षेत्रीय संगठन मंत्री कौशलेंद्र पटेल और क्रीड़ा भारती के प्रांत के कार्य समिति सदस्य जसविंदर बग्गा उपस्थित थें। उपस्थित खेल विशेषज्ञों से संवाद करते हुए श्री महानकर ने कहा कि एक खिलाड़ी का उद्देश्य सिर्फ पदक जीतना न होकर राष्ट्र की जय के भाव के साथ खेलना और जीतना होना चाहिए, क्रीड़ा भारती इस ध्येय के साथ समाज क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि धैर्य अनुशासन संस्कार व सतत अभ्यास से खिलाड़ी महान बनता है। खेल व खिलाड़ियों का विकास ही हमारा लक्ष्य है। 2036 में देश में ओलंपिक खेलों के होने की संभावना है और हम इन खेलों में कबड्डी को शामिल करने को लेकर एक बड़ी योजना के साथ इस साल काम कर रहे हैं, जब पूरे देश में कबड्डी मैचों के आयोजन होंगे। कौशलेंद्र पटेल ने गीत के साथ शुरुआत की। उन्होंने क्रीड़ा भारती द्वारा वर्ष भर में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। ऑनलाइन होने वाली क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में जिले की सहभागिता हेतु उपयोगी टिप्स भी दिए। इस संवाद सत्र का संचालन जसविंदर बग्गा तथा आभार प्रदर्शन गिरीश चंद्रवंशी ने किया, इस अवसर पर क्रीड़ा भारती कवर्धा इकाई द्वारा मुख्य अतिथि श्री महानकर को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## युवाओं के एकता से मूल संगठन को मिलेगी मजबूती: सुरेश सिंगौर




**हरिभूमि कवर्धा।** जिला स्तरीय युवा प्रकोष्ठ की बैठक बाजार चारभाठा में आयोजित किया गया। जिसमें लोधी घनश्याम वर्मा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ लोधी समाज और संतोष कौशिक जिलाध्यक्ष कवर्धा के निर्देशानुसार कवर्धा राज लोधी समाज का बैठक में लोधी सुरेश सिंगौर, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ लोधी समाज बतौर मुख्य प्रवक्ता उपस्थित थे। सर्वप्रथम युवाओं द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पश्चात वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयघोष करते हुए उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना कर किया गया। मुख्य वक्ता सुरेश सिंगौर ने सामाजिक युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन में शामिल होकर सेवा करने हेतु प्रेरित किया, समावेशी पद्धति के अनुसार युवाओं का चयन सर्किल बैठक करके ही राज्य और राष्ट्रीय पदों हेतु नाम प्रस्ताव लाने की बात कही। युवाओं को खुले मंच में अपने-अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किए। जिसमे अश्वनी कौशिक, हेमराज, मनोज कौशिक सहित अन्य युवाओं ने अपने सकारात्मक विचार साझा किए। पूर्व में लगभग 7 वर्ष तक युवा अध्यक्ष रहे, वर्तमान प्रदेश संगठन मंत्री जीवन कौशिक ने जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय संगठन नेतृत्व के लिए सभी योग्य युवाओं का नाम निर्देशन हेतु अपने बात रखी। जिला कार्यकारिणी में जिन युवाओं को स्थान नही मिला उन्हें राज्य और राष्ट्रीय संगठन में शामिल करने की बात कही। सामाजिक कार्यक्रमों में सभी युवा को अधिक से अधिक सहभागिता करने की बात भी की। जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक, उपाध्यक्ष धर्मपाल कौशिक, कैलाश कौशिक प्रचार सचिव, युवा अध्यक्ष रूपेश कौशिक, युवा उपाध्यक्ष सुभाष कौशिक, यशवंत कौशिक ने अपने विचार उपस्थित सामाजिक बंधुओं के समक्ष रखे। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में राष्ट्रीय एवं राज्य पदाधिकारियों ने अपने-अपने संबोधन में सामाजिक विकास के लिए मार्गदर्शन दिया। युवा शक्ति के रूप में तुकेश कौशिक, नरेंद्र, युनेश, सूर्यकांत, धरम, पिंटू, सुरेश कौशिक, पुरषोत्तम, दीनदयाल सहित सभी युवाओं ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर गमछा भेंट किए। कार्यक्रम का सफल संचालन महासचिव संजू कौशिक द्वारा व आभार प्रदर्शन राजेश कौशिक जिला संगठन सचिव द्वारा किया गया। अंत मे युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रूपेश कौशिक ने आगामी दिनों में कवर्धा जिला के अंतर्गत भव्य कार्यक्रम करने की बात कहकर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

## युक्तियुक्तकरण का विरोध : जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम पेंड्रीकला में ब्लॉक कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर व जिलाध्यक्ष होरीराम साहू के आदेशानुसार के नेतृत्व मे गोरेलाल चंद्रवंशी व कुण्डा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा युक्तियुक्तकरण योजना के संबंध में आज बुधवार को एक दिवसीय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कबीरधाम का घेराव व विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की विशेष परिचर्चा एवं रणनीति बैठक आयोजित की गई। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, सनत चंद्राकर, दिनेश पाण्डेय, शिवसिंह चौहान, भारत साहू, रामावतार सिंगरौल, राजेश चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, गोरेलाल चंद्राकर, बलदाऊ साहू, ऋषि रात्रे, देवकुमार बंजारे, राधे धृतलहरे व कार्यकर्ता गण विशेष रूप से उपस्थित थें।

## स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण



**हरिभूमि कोलेगांव।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय पेण्ड्रीकला शाला में एक पेंड़ मां के नाम के उद्देश्य से विद्यालय परिषर में नीम का पौधरोपित कर सुरक्षित किया गया। पेड़ प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार हैं, पेड़ न केवल हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखते है, बल्कि जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैं। वे वायु प्रदूषण को कम करते हैं, जलवायु संतुलन बनाए रखते हैं और बाढ़ व मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। वृक्ष जीव-जंतुओं को आवास देते हैं और हमारे जीवन को हरा-भरा बनाते हैं। आज के बदलते पर्यावरण में पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाएं और उनकी देखभाल की जाए। पौधरोपण से न केवल हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य भी सुनिश्चित होगा। वहीं एक पेड़ मां के नाम एक भाव है। अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का उद्देश्य जहां, जीवन को पोषित करने में माताओं की भूमिका का सम्मान करना है, वहीं अपने घर को स्वस्थ बनाए रखने में अपना योगदान देना भी है। पेड़ जीवन को बनाए रखते हैं और एक मां की तरह ही पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करते हैं। पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि वे मनुष्य, पशु-पक्षी और पूरे पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पेड़ कार्बन-डाइ-ऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे वायुमंडल शुद्ध होता है और जलवायु का संतुलन बना रहता है। इसके साथ ही पेड़ वर्षा को आकर्षित करते हैं, जिससे कृषि को बढ़ावा मिलता है और जल संकट की समस्या भी कम होती है। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को पकड़कर रखती हैं, जिससे मिट्टी का कटाव नहीं होता और बाढ़ जैसी आपदाएं नियंत्रित रहती हैं। इस पौधरोपण कार्यक्रम में श्रीमती उदसिया बाई पटेल, संस्था प्रमुख बैजनाथ चंद्राकर, शिक्षक भुनेश्वर सिंह चौहान, बुद्धेश्वर राम प्रधान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र, सफाई कर्मी प्रीतम कश्यप व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व तय-समय में पूर्ण करने के निर्देश**

# विधायक ने अधोसंरचना निर्माण व विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बुधवार को जनपद पंचायत सभागार, पंडरिया में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय में पूरा करने तथा जनता द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की और जनता को उसका लाभ समय पर दिलाने एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कृषि, शिक्षा, स्वच्छता, विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों और जनता की सुविधाओं तथा योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि जनता को योजनाओं का लाभ मिले, नगर व गांव का सर्वांगीण विकास हो, अधोसंरचना निर्माण से क्षेत्र की प्रगति निरंतर जारी रहे और पंडरिया विधानसभा समृद्ध हो इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। इसी क्रम में बुधवार को जनपद पंचायत पंडरिया की समीक्षा बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें नगर के शासकीय स्कूलों व शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण को हटाने के सख्त निर्देश दिए गए। किसानों को बीज एवं खाद वितरण में किसी प्रकार की समस्या तथा सभी सोसायटी में खाद एवं बीजों तथा फसलों की सुरक्षा के लिए कीट नाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। धान खरीदी केन्द्रों में धान के उठाव, बारिश में उनकी सुरक्षा के सन्दर्भ में भी समीक्षा की गई और सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही। जिन राशन दुकानों में वितरण एवं अनियमितता की शिकायतें मिली हैं उनपर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल की आपूर्ति हेतु चल रहे कार्यों जैसे बकेला जलाशय, चतरी जलाशय, पुटपुटा व विभिन्न निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने, महिला चौपाटी के निर्माण, पानी टंकियो की सफाई व निर्माण, उद्यानों का सौन्दर्यीकरण, अवैध अतिक्रमण हटाने, बाजार को सुव्यवस्थित करने, नए बोर खनन, पूर्व में स्वीकृत अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने, पीएम जनमन योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने, बारिश के पूर्व बड़े नालों व नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।



## खबर संक्षेप



### भाजपा ने आयोजित किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**कवर्धा।** वीरांगना महारानी दुर्गावती जी की 461 वें शहादत दिवस पर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नगर के वीरांगना महारानी दुर्गावती चौक में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, जसविंदर बग्गा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, सुरेश दुबे जिला मंत्री भाजपा, हेमंत ठाकुर जिला अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, सुनील दोषी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, पन्ना चंद्रवंशी जिला भाजपा कार्यालय प्रभारी, काशीराम उइके पूर्व मंडल अध्यक्ष बोड़ला, सुनील साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष पिपरिया, बिहारी राम धुर्वे सभापति कवर्धा नगर पालिका परिषद, केसरीचंद सोनी सभापति प्रतिनिधि कवर्धा, सौखी अहिरवार, पार्षद मनीराम छेदावी, ईश्वरी धुर्वे जिला महामंत्री अनुसूचित जनजाति मोर्चा, खिलेश्वर साहू, राकेश साहू, निर्मल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आयोजित

**बोड़ला।** छत्तीसगढ़ शासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में गत दिनो नगर के वार्ड नंबर 10 स्थित मंगल भवन में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत, जनपद पंचायत के पदाधिकारियों के अलावा विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों के स्वागत सत्कार पूजा पाठ के उपरांत विकासखंड के विभिन्न स्कूलों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कस्तूरबा गांधी विद्यालय के पढ़ेला जाबो रे गीत के माध्यम से विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को बखूबी दर्शाया गया वहीं भीरा स्कूल की छात्राओं ने गीतों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को दिखाया जिसे लोगों की खूब सराहना मिली।
विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2025-26 में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जनपद पंचायत अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा के द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक तथा शाला गणवेश का वितरण किया गया।

### लगातार बारिश से किसानों की जगी उम्मीदें

**कवर्धा।** कवर्धा सहित अंचल में इन दिनो लगातार हो रही बारिश को देखते हुए किसानो ने खेती किसानी के कामो को तेज कर दिया है और बोआई आदि के कार्यो में जुट गए हैं। हालांकि किसानो की माने तो अभी धान की फसल के लिहाज से और अधिक बारिश की जरूरत है। लेकिन लगातार की बारिश से किसानो की उम्मीदें जगी हैं।

**अनदेखी:** राजनीतिक दलों के लिए वोट बैंक बनकर रह गया ग्राम पोंड़ी

# पोंड़ी पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, सड़क जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से महज 10 किलो मीटर दूर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 30 पर स्थित ग्राम पोंड़ी कहने को तो न सिर्फ एक बड़ी ग्राम पंचायत है बल्कि आसपास के कई ग्रामों का केन्द्र बिन्दू भी है। इसके अलावा अगर इसे जिले से गुजरने वाले सड़क मार्गो का जंक्शन कहा जाए तो भी गलत नहीं होगा। यहीं वजह है कि ग्राम पोंड़ी हमेशा से राजनैतिक लिहाज से भी प्रभावशाली रहा है। जहां दोनो की प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस की अच्छी सक्रियता दिखाई देती है।

लेकिन इसे दुर्भाग्य का विषय ही कहें कि ग्राम पोंड़ी और पोंड़ी के बासिंदों को इन राजनैतिक दलों और उनके नेताओं ने हमेशा से सिर्फ वोट बैंक की ही नजर से देखा है। यहीं वजह है कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद से लेकर अब ग्राम पोंड़ी का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। इसे विडंबना ही कहें की छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद करीब तीन सालों तक सत्ता में रही कांग्रेस की सरकार और पंद्रह सालों तक सत्ता में रही भाजपा की सरकार और फिर पांच साल तक रही कांग्रेस की सरकार और अब मौजूदा वक्त में पुनः भाजपा की सरकार के कार्यकाल में भी ग्राम पोंड़ी मूलभूत सुविधाओं के साथ जन सुविधाओं के लिए तरस रहा है। ग्राम पोंड़ी के हालात इतने बद से बत्तर है कि यहां पोंड़ी से कवर्धा, पोंड़ी से जबलपुर, पोंड़ी से बिलासपुर सहित अन्य कई रूटों की यात्री बसों का स्टापेज होने के बावजूद न तो यात्री प्रतिक्षालय की सुविधा है और न ही बस स्टैण्ड की सुविधा है। आज भी इन रूटों से गगुजरने वाली दर्जनों बसों के चालक राष्ट्रीय राज मार्ग-30 तथा राज्यकीय राज्य मार्ग पोंड़ी बिलासपुर में ही बसों को रोक कर यात्रियों को चढ़ाने और उतारने का काम करते है। जिससे न सिर्फ यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है बल्कि चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले इस मार्ग में दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है।



#### बरसात में डबरी दिखाई दे रही सड़क

वर्षाकाल प्रारंभ होने के साथ ग्राम पोंड़ी के बासिंदों और यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों की समस्याओं भी ज्यादा बढ़ गई है। दरअसल ग्राम पोंड़ी मुख्यालय से होकर गुजरने वाले पोंड़ी-पंडरिया मार्ग बीते कई वर्षो से जर्जर और खस्ताहाल स्थिति में पड़ा है। मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। जिसके संबंध में कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। सूखे के दिनो में तो फिर भी वाहन चालक जैसे तैसे इन विशाल कार्य गड्ढों से होकर गुजर भी जाते थे। लेकिन बारिश के दिनो में अब यह गड्ढे ताल में तब्दील हो चुके हैं और इनमें पानी भर चुका है। जिसके कारण लोगों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालकों ने बताया कि गड्ढों में पानी भरे होने के कारण उन्हें गड्डों की गहराई का अंदाजा ही नहीं मिल पाता है और अक्सर वे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों के साथ ही स्थानीय ग्रामीण भी इस भारी अव्यस्था से खासे परेशान नजर आ रहे हैं। लोगों का गहना है कि दोनों ही प्रमुख मार्गो की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण लोगों का अपने घरों से निकलना दूभर हो गया है। उन्होने बताया कि पोंड़ी-पंडरिया मार्ग में ही शासकीय स्कूल स्थित है जहां ग्राम पोंड़ी सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ों विद्यार्थी पढ़ने लिखने आते हैं लेकिन कीचड़ से लतपथ इस मार्ग के कारण इन बच्चों की स्कूल ड्रेस रोज खराब होती है और उन्हें परेशानियों को सामना करना पड़ता है।

#### विकास के नाम ठेंगा

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पोंड़ी के समुचित विकास की मांग वर्षो से स्थानीय ग्रामीण विभिन्न राजनैतिक दलों की सरकारों और उनके विधायक, मंत्री मिनिस्टरों से करते आ रहे हैं। लेकिन आज पर्यंत इन मांगों को किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया। यहीं वजह है कि ग्राम पोंड़ी आज भी उपेक्षित पड़ा है।



## नगर पालिका कवर्धा का जनस्वास्थ्य अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा की संकल्प को साकार करने के लिए नगर पालिका परिषद कवर्धा अब नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीर कदम उठा रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में शहरवासियों को चिंता, तनावग्रस्त से मुक्त रखने का संकल्प लेते हुए निःशुल्क नियमित योग सत्र का आयोजन शुरू किया गया है। यह योग सत्र प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से 6.30 बजे तक कवर्धा के शारदा संगीत महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योग समिति तथा नगर पालिका परिषद कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में आज से प्रारंभ किया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि निः योग शिविर में पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष एवं अनुभवी प्रशिक्षक सुरेश चंद्रवंशी द्वारा योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा प्राकृतिक जीवन शैली संबंधी मार्गदर्शन दे रहे हैं। इसका उद्देश्य नागरिकों को शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाना है। साथ ही, बढ़ती हुई जीवन शैली संबंधी बीमारियों को रोकने के लिए यह एक प्रभावशाली पहल की शुरूवात है। उन्होनें बताया कि शहर के विकास के साथ नागरिकों का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। योग एक ऐसा माध्यम है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देता है। स्वस्थ नागरिकों के माध्यम से स्वस्थ समाज और फिर एक विकसित शहर की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह प्रयास किया जा रहा है।

आज योग सत्र का शुभारंभ किया गया है आने वाले समय में इसे बढ़ावा देने के लिए पालिका टीम पूर्ण प्रयास करेगी। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से मिली प्रेरणा नगर पालिका परिवार अब योग शिविर का शुभारंभ किया है जो नियमित रूप से पतंजलि योग समिति एवं नगर पालिका के संयुक्त तत्वाधान में शारदा संगीत महाविद्यालय में किया जायेगा।

## कांग्रेस का आपातकाल भारत की आत्मा व लोकतंत्र पर प्रहारः भावना बोहरा

### आपातकाल घोषित किये जाने के विरोध में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल घोषित किये जाने के विरोध में आज जिला प्रशासन कबीरधाम द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं।

इस दौरान उन्होंने आपातकाल की 50वीं बरसी पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाने वाले कर्मशील सेनानियों व मीसाबंदियों हरीश लुनिया, श्रीमती कुमारी देवी सोनी और विजय यादव को सम्मानित किया। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन व प्रेस की आज़ादी पर लगाए गए प्रतिबंध के प्रति विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 से 77 तक लगाया गया आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय है। उस दौर में इंदिरा सरकार ने संविधान की मूल भावना को दरकिनार कर लोकतंत्र के आत्मा, संवैधानिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिक अधिकारों पर आघात किया।

आपातकाल का कालखंड भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कलंक के टीके की तरह हैं। कांग्रेस ने आपातकाल की आड़ में भारत की आत्मा पर प्रहार किया। यह कोई प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि स्वतंत्रता और लोकतंत्र को कुचलने की साजिश थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को नजरअंदाज किया, जनता के मौलिक अधिकार छीने, और असहमति की हर आवाज को जेल में बंद कर दिया। प्रेस की आजादी पर ताले लगाए गए, विपक्ष के नेताओं को कैद किया गया, और आम नागरिक भय के साये में जीने को मजबूर हुआ। कांग्रेस का यह कदम सत्ता की लालच और तानाशाही की मानसिकता का प्रतीक है।

जब उनकी सत्ता पर सवाल उठे, तो उन्होंने जनता को ही दबाने की कोशिश की। भ्रष्टाचार और कुशासन की आलोचना को दबाने के लिए आपातकाल थोपा गया। लेकिन वे भूल गए कि भारत की जनता गुलामी की जंजीरें तोड़ना जानती है। जयप्रकाश नारायण जी, स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी और लाखों देशवासियों ने इस अंधेरे के खिलाफ आवाज उठाई।

सड़कों पर उतरे नौजवानों ने साबित किया कि लोकतंत्र किसी एक पार्टी का बंधक नहीं, बल्कि जनता की ताकत है। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, रोशन दुबे, श्रीमती दीपा धुर्वे, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष रूपेश जैन, जिला प्रशासन कबीरधाम के जिलाधीश गोपाल वर्मा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय त्रिपाठी, वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने खरीफ सीजन को लेकर कवर्धा के कृषि केन्द्र, दुकानों व गोदाम का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खरीफ सीजन में खाद बीज की उपलब्धता और नियमितता के लिए आज कवर्धा शहर के खाद-बीज विक्रय केन्द्रों और दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महावीर कृषि केंद्र और वर्धमान बीज भंडार का दौरा कर वहां उर्वरकों और बीजों की उपलब्धता, मूल्य सूची और वितरण व्यवस्था की बारीकी से जांच की। कलेक्टर ने दोनों दुकानों में डीएपी, यूरिया, पोटाश, एनपीके, एसएसपी सहित अन्य रासायनिक उर्वरकों और बीजों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने मूल्य सूची का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि सभी विक्रेताओं को स्पष्ट और अद्यतन मूल्य सूची दुकान में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए ताकि किसानों को भ्रम की स्थिति न हो। उन्होंने विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी कि किसानों को निर्धारित दरों पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए, और किसी भी प्रकार की जमाखोरी या अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने दुकानों के गोदामों का भी निरीक्षण किया, स्टॉक रजिस्टर का मिलान किया और वहां उपस्थित स्टाफ से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने खाद लेने आए किसानों से सीधे संवाद कर मूल्य, उपलब्धता और वितरण प्रणाली के संबंध में उनकी राय ली और संतुष्टि सुनिश्चित की। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी मुकेश रावटे, सहायक संचालक कृषि अखिलेश दत्त दुबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कबीरधाम द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा



**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला संघ कबीरधाम के तत्वावधान में आज कवर्धा नगर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह रैली लोकतंत्र की चेतना जागृत करने और राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति तथा सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्धेश्य से निकाली गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों एवं ओपन यूनिट्स के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स उत्साहपूर्वक शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में नगर के भोरमदेव ओपन रोवर क्रू, अशोका पब्लिक स्कूल, विवेकानंद हाई स्कूल, मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर, भगत सिंह ओपन रोवर क्रू, पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय तथा सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति नारों के साथ नगर भ्रमण किया।

### पुलिस प्रशासन नक्सल प्रभावित ग्रामो में जगा रही शिक्षा की अलख



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे घोर नक्सल प्रभावित दरिया पंचायत के आश्रित ग्राम बंदू कुंदा में पुलिस विभाग की पहल पर युवा शिक्षा की अलख जला रहे हैं। एक ओर तहां घने जंगल, दुर्गम रास्ते और नक्सलियों की धमक जैसी चुनौतियां है, वहीं दूसरी ओर पुलिस विभाग ने गांव में स्कूल बनवाकर संचालन कर रहा. यहां शिक्षक 10 किमी पैदल चलकर मुश्किल हालात में बच्चों का भविष्य गढ़ रहे। पुलिस विभाग ने बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत एक सराहनीय पहल की है। बंदू कुंदा, सौरु, पंडरी पथरा और सुरूतिया जैसे सुदूर अंचलों में स्वयं के संसाधनों से स्कूल भवन बनवाकर 9 ग्रामों में स्कूलों का संचालन करा रहा है। खास बात यह है कि यहां पढ़ाने के लिए इन्हीं क्षेत्रों के पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को चुना गया है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे छोटे हैं, लेकिन उनके सपने बहुत बड़े हैं। पुलिस विभाग इन होनहारों को आगे की पढ़ाई के लिए जिला मुख्यालय के सरकारी स्कूलों में भी दाखिला दिला रहा है।

**जनपद सदस्य मीनाक्षी आसकरण ने चुनावी घोषणा के अनुरूप आयोजित किया कार्यक्रम**

## बलिदान दिवस पर प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



वीरांगना रानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस के अवसर पर गत दिनो जनपद पंचायत कवर्धा क्षेत्र क्रमांक 23 की जनपद सदस्य श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे ने अपने जनपद क्षेत्र के शासकीय शालाओं में भ्रमण कर कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं में शिक्षा सत्र 2024-25 में सर्वोच्च अंक लेकर उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः 201, 501, 750 रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मान पत्र प्रदान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कुंभकरण सिंह गोंड़ पूर्व जनपद सदस्य ने बताया कि मीनाक्षी आसकरण धुर्वे ने अपने घोषणा पत्र में क्षेत्र के शासकीय शालाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने प्रतिभावान छात्रों का सम्मान कर प्रोत्साहित करने शिक्षा प्रोत्साहन राशि की स्वयं द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रदान किए जाने की घोषित है। इसी कड़ी में इस वर्ष का सम्मान राशि वीरांगना महारानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस के अवसर प्रदान की गई। जिसमें प्राथमिक शाला रेंगाखार खुर्द से छात्रा आराध्या लांझी पिता संतोष लांझी, प्राथमिक शाला कोड़ार से नीलेश्वरी पटेल पिता गोविंद पटेल, प्राथमिक शाला नयापारा रेंगाखार खुर्द से समर पटेल पिता आनंद पटेल, प्राथमिक शाला बरपेलाटोला से कीर्ति पटेल पिता नीलम पटेल, प्राथमिक शाला नेवारी से मधु यादव पिता गोविंद, प्राथमिक शाला जोराताल से आयुषी जायसवाल पिता रूपचंद जायसवाल, प्राथमिक शाला तालपुर से मुस्कान धुर्वे, पूर्व माध्यमिक शाला रेंगाखार से अहिल्या पटेल पिता रजनू पटेल, पूर्व माध्यमिक नेवारी से रितेश्वरी धुर्वे पिता कुंजकरण धुर्वे, ज्योति पटेल पिता मनकु पटेल, हाइस्कूल नेवारी से राजमती पटेल पिता कोदू राम पटेल सहित अन्य विद्यालयों के प्रतिभावना विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होने जवाहर नवोदय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन होने पर 1000 रूपए की शिक्षा प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने की घोषणा की। इस कार्यक्रम में श्रीमती मीनाक्षी आसकरण धुर्वे जनपद सदस्य, संकुल समन्वयक संजीव कुमार शर्मा, साहिना कुरैशी, श्रीमती बोधेश्वरी शर्मा, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती सोनू सिंह परिहार, श्रीमती रामेश्वरी धुर्वे, श्रीमती अनिता दिवेदी, श्रीमती मनोरमा पाण्डेय, श्रीमती शशि टेकाम, श्रीमती अनीता ठाकुर, श्रीमती प्रियंका धुर्वे, संतोष लांझी, रजनू पटेल आदि उपस्थित थे।

## युक्तियुक्तकरण के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी आज करेगी डीईओ कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में कांग्रेस द्वारा ब्लाक स्तर पर धरना प्रदर्शन, घेराव व ज्ञापन सौंपने के बाद अब जिला स्तरीय धरना, प्रदर्शन, घेराव के साथ ज्ञापन सौंपने की तैयारी में है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 26 जून को जिला कांग्रेस कमेटी प्रदेश सरकार की शिक्षा विरोधी तथा रोजगार विरोधी युक्तियुक्तरण नीति के विरोध में एक दिवसीय धरना, प्रदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेगी। श्री साहू ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम शहर कांग्रेस कार्यालय के पास धरना प्रदर्शन एवं सभा का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात कांग्रेस के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करने कूच करेंगे। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़ तथा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पदम कोठारी उपस्थित रहेंगे। उन्होने जिला कांग्रेस कमेटी के सभी विंगो के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होने का आव्हान किया है।

### जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने बताया कि 26 जून को युक्तियुक्तकरण के विरोध में धरना प्रदर्शन एवं घेराव के तत्काल बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़ तथा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी पदम कोठारी की उपस्थित में जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से आगामी आगामी 7 जुलाई को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रायपुर आगमन को लेकर तैयारियों के संबंध में चर्चा की जाएगी।